RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-286 | जयपुर, बुधवार, 15 अप्रैल 2026 | मूल्य-4 रुपये

छत्तीसगढ़- वेदांता पावर प्लांट की यूनिट में भीषण विस्फोट

# बॉयलर फटने से 12 की मौत, 40 से अधिक मजदूर घायल

## परिजनों का हंगामा, 5-5 लाख मुआवजे की घोषणा

सक्ती

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 12 मजदूरों की मौत हो गई है। ASP पंकज पटेल ने इसकी पुष्टि की है। 4 मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां 8 मजदूरों ने दम तोड़ दिया है। बाकी 10 घायलों की हालत गंभीर है। मजदूर 80% झुलस गए हैं।

घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। हादसे में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। रायगढ़ के ही मेट्रो हॉस्पिटल में 3 घायलों का इलाज चल रहा है। 2 मजदूरों को अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। 6 गंभीर रूप से घायलों को बिलासपुर रेफर किया गया है।





### ज्यादातर मजदूर और टेक्नीशियन चपेट में आए

*एडिशनल एसपी पंकज पटेल ने कहा कि घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच रही है। अंदर कोई और मजदूर तो नहीं फंसा है इसकी जांच की जा रही है।*

हादसे के बाद प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजनों ने हंगामा कर दिया। उन्होंने प्रबंधन पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। कुछ मजदूर लापता हैं। परिजनों का कहना है कि प्रबंधन कोई जानकारी नहीं दे रहा है। वहीं कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

PMO ने मुआवजे की घोषणा की है। PMNRF से हर मृतकों के परिवार वालों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मृतकों के परिवार वालों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया।

### मजिस्ट्रियल जांच के दिए आदेश- कलेक्टर

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि रायगढ़ के फोर्टिस हॉस्पिटल को छोड़कर रायपुर के डीकेएस हॉस्पिटल को भी आकस्मिक स्थिति और बेहतर इलाज के लिए तैयार रहने को कहा गया है। इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच करने के आदेश दिए हैं। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर- मंत्री जायसवाल

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि तत्काल स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सचिव से चर्चा कर स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। आसपास के क्षेत्रों से एम्बुलेंस और चिकित्सा संसाधनों को तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना किया गया।

# लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव, 2029 से लागू होगा महिला आरक्षण

नई दिल्ली

सरकार ने 2029 के लोकसभा चुनावों से महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, 815 सीटें राज्यों के लिए और बाकी 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रस्तावित हैं।

850 में से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में 2029 से लोकसभा में 33% महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है।

सरकार ने मंगलवार को संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं।

एक और जरूरी बदलाव जनसंख्या की परिभाषा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। इसके लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है। इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर कहा कि दक्षिणी राज्यों को सीटें बढ़ाना मंजूर नहीं।



### महिला आरक्षण 15 साल के लिए होगा

महिलाओं के लिए यह आरक्षण 15 साल के लिए होगा। यानी 2029, 2034 और 2039 के लोकसभा चुनावों तक। इसके बाद इसे बढ़ाने का फैसला संसद करेगी। आरक्षित सीटें हर चुनाव में बदलती रहेंगी, ताकि महिलाओं का हर जगह प्रतिनिधित्व मिल सके। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी आरक्षण शामिल होगा। ये आरक्षित सीटें अलग-अलग क्षेत्रों में रोटेशन के आधार पर तय की जाएंगी।

### लोकसभा में सरकार के पास बहुमत नहीं, 360 सांसदों का समर्थन चाहिए

संविधान संशोधन पारित कराने के लिए सरकार को बैक-चैनल बातचीत करनी होगी। भारतीय संविधान के ऑर्टिकल 368 के तहत, संविधान में संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत जरूरी होता है। कुल सदस्यों का बहुमत (50% से अधिक) और उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत।

लोकसभा की वर्तमान संख्या 540 (कुल 543 में से) है। 3 सीटें खाली हैं। यदि सभी सांसद उपस्थित होकर मतदान करते हैं, तो कम से कम 360 सांसदों (दो तिहाई) को इसके पक्ष में वोट देना होगा।

वर्तमान में, भाजपा-नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के पास 293 सांसद हैं, जबकि INDIA (विपक्ष) के पास 234 सांसद हैं।

## कांग्रेस विधायक हाउस अरेस्ट, घर के बाहर पुलिस का पहरा

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में श्रीकरणपुर से कांग्रेस विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर को प्रशासन ने हाउस अरेस्ट (नजरबंद) कर दिया है। वे 25 बीबी स्थित अपने घर में मौजूद हैं। घर के बाहर भारी पुलिस जाब्ता तैनात है।श्रीगंगानगर-पदमपुर स्टेट हाईवे पर टोल वसूली के खिलाफ लोगों का प्रदर्शन पिछले 42 दिन से जारी है। सोमवार को विधायक कुन्नर समर्थकों के साथ 18 बीबी टोल प्लाजा पहुंचे और धरने पर बैठ गए थे। इसके बाद विधायक और पुलिसकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। देर रात को पुलिस ने कुन्नर और समर्थकों को हिरासत में ले लिया था, लेकिन कुछ समय बाद छोड़ दिया था। वहीं, प्रशासन ने मंगलवार सुबह हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए टोल को फिर से शुरू करवा दिया।

## पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच होर्मुज समेत कई मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को करीब 40 मिनट फ़ोन पर बात की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और होर्मुज़ स्ट्रेट समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। ईरान से सीजफायर और इस्लामाबाद टॉक के बाद दोनों नेताओं ने बात की है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें कॉल किया था।

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया, मेरे मित्र राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आया। हमने अलग-अलग क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय सहयोग में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की।



हम सभी क्षेत्रों में अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुला और सुरक्षित बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

### पीएम मोदी के लिए ट्रंप का संदेश

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के अनुसार ट्रंप ने पीएम मोदी से कहा कि वे यह बताना चाहते हैं कि अमेरिका भारत से प्यार करता है। सर्जियो गोर ने कहा, 'हमारी बातचीत बहुत अच्छी और काम की रही। आगे क्या होने वाला है, इसके लिए जुड़े रहें। अमेरिकी सेना की ओर से ईरान के बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू होने के साथ रोजाना करीब 20 लाख बैरल ईरानी तेल के वैश्विक बाजारों से बाहर होने की आशंका है। इससे वैश्विक सप्लाई पर दबाव बढ़ेगा और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में और इजाफा हो सकता है।

पिछले एक महीने में भारत ने 8 से ज्यादा एलपीजी टैंकर इस मार्ग से सुरक्षित पार कराए हैं. वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने भी घोषणा की है कि अमेरिका किसी भी जहाज को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के लिए ईरान को टोल देने की अनुमति नहीं देगा।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया

## हमारा देश विकास की भाग्य रेखाएं बनाने में जुटा: मोदी

देहरादून

पीएम मोदी ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कभी उत्तराखंड के गांव में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां बदल जाती थीं। आज डबल इंजन सरकार के प्रयास से सड़क गांव तक पहुंच रही है। जो गांव वीरान थे आज फिर बस रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र जीवन से जोड़कर देखूं तो राष्ट्र की भाग्य रेखाएं कौन सी हैं, तो वे हमारी सड़कें, हाईवे, एयरवे, रेलवे वॉटर-वे हैं। ये आज की सुविधाएं नहीं हैं। आने वाली पीढ़ी के लिए हमारी,



मोदी की गांरटी है। उन्होंने कहा कि हम अपने देश की बेटियों को 2029 के चुनावों में उनका हक देकर रहेंगे। इसके लिए हम संसद में महिला आरक्षण बिल ला रहे हैं।

### टूरिज्म बना कमाई का सबसे बड़ा जरिया

पीएम ने कहा कि टूरिज्म बढ़ने से हर वर्ग को कमाई का मौका मिलता है। होटल, टैक्सी, दुकानदार सभी को लाभ होता है। उत्तराखंड अब विंटर टूरिज्म और स्पोर्ट्स का बड़ा केंद्र बन रहा है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

पीएम ने कहा कि देश की बेटियां भारत निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। सरकार उनकी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर मुश्किल समय में महिलाओं को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए प्रयास जारी हैं।

पीएम ने कहा कि एक्सप्रेसवे और इकोनॉमिक कॉरिडोर विकास के गेटवे हैं। इससे समय और खर्च दोनों कम होंगे। रोजगार बढ़ेगा और किसानों की उपज तेजी से बाजार तक पहुंचेगी, जिससे पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

पीएम ने देवभूमि को साफ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक और कचरे से बचना जरूरी है। कुंभ और नंदा देवी राजजात यात्रा को देखते हुए सभी को मिलकर इन जगहों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना होगा।

पीएम ने कहा कि सड़क, रेल और एयरवे देश की भाग्य रेखाएं हैं। यह सिर्फ आज की सुविधा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए निवेश है। सरकार लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रही है ताकि देश की प्रगति जारी रहे।

## राजस्थान बालिका सैनिक स्कूल फीस डेढ़ लाख सालाना तय

बीकानेर। राजस्थान सरकार ने बालिका सैनिक स्कूलों के लिए सालाना फीस करीब डेढ़ लाख रुपए तय कर दी है। शिक्षा विभाग ने 9 अप्रैल को आदेश जारी कर फीस संरचना लागू की और एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी। आय के आधार पर ट्यूशन फीस में छूट का प्रावधान रखा गया है। आय कम है तो फीस में छूट भी मिलेगी। इसके बाद भी सालाना खर्च करीब एक लाख रुपए के आसपास ही होगा।

## नोएडा में दूसरे दिन भी बवाल, पुलिस से झड़प-पथराव

### 15 कंपनियों की फोर्स, 26 पुलिस अफसर तेनात, 350 से ज्यादा गिरफ्तारी

गौतमबुद्धनगर (नोएडा)

नोएडा, यानी गौतमबुद्ध नगर में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मचारी मंगलवार को भी सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो झड़प हो गई। भीड़ ने 2-3 जगहों पर पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया। हालांकि पुलिस ने थोड़ी देर में ही हालात पर काबू पा लिया। प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया।



फिलहाल, पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवान इंडस्ट्रियल इलाकों में सुबह 5 बजे से फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, पीएसी और RAF की 15 कंपनियां, 26 अफसर (8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी) नोएडा भेजे गए हैं। आज ज्यादातर कंपनियां बंद हैं। DGP राजीव कृष्ण लखनऊ के कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग कर रहे। कहा- क्षतिग्रस्त संपत्ति की भरपाई भी उपद्रवियों से कराई जाएगी। वहीं, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा- अब तक 300 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं। अफवाह फैलाने वाले कुछ ग्रुप आइडेंटिफाई किए गए हैं। कुछ ऐसे लोग हैं, जो अलग-अलग जगहों पर भी पाए गए हैं।

इधर, यूपी सरकार ने सोमवार देर रात फैक्ट्री कर्मचारियों की सैलरी बढ़ा दी। न्यूनतम मजदूरी दरों में 3000 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ी हुई सैलरी 1 अप्रैल से लागू होगी। सोमवार को बवाल के बाद हाईलेवल कमेटी ने रात में कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसके बाद रात डेढ़ बजे सरकार ने आदेश जारी कर कमेटी की सिफारिशों पर मुहर लगा दी।

## पिकअप-कार की भिड़ंत में 4 की मौत

### दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़े, फंस गए थे शव

बाड़मेर

बाड़मेर में कार और पिकअप में भीषण टक्कर हो गई। इसमें कार सवार पति-पत्नी और बेटे समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा नेशनल हाईवे-68 (पंजाब-गुजरात) पर हरसाणी फांटा के पास मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ। दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए।

एएसपी नितेश आर्य ने बताया- आईटेन कार में सुजलॉन कंपनी के चीफ इंजीनियर, उनकी पत्नी और बेटे समेत चार लोग सवार थे। हरसाणी फांटा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने कार को टक्कर मार दी। सूचना पर ग्रामीण थाना पुलिस मौके पर पहुंची।



कार चकनाचूर होने से शव फंस गए थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला। उसके बाद एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में शव रखवाए गए। बाड़मेर डीएसपी रमेश शर्मा ने बताया- शुरुआती जांच में सामने आया कि पिकअप में पेंट (कलर) के डिब्बे और अन्य सामान भरा था। वह बाड़मेर से जैसलमेर की ओर जा रही थी। कार जैसलमेर से बाड़मेर की ओर आ रही थी।

## सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री

### राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया, आज सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण समारोह

पटना

बिहार की राजनीति में 14 अप्रैल 2026 एक ऐतिहासिक दिन के रूप में दर्ज हो गया है। करीब दो दशकों तक सत्ता में रहे नीतीश कुमार के इस्तीफे के साथ 'नीतीश युग' का अंत हो गया है और अब सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में उभरकर सामने आए हैं। उन्हें मंगलवार शाम चार बजे भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया। राजग की बैठक के बाद इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी। मंगलवार शाम राजग के शीर्ष नेतृत्व के साथ सम्राट चौधरी ने



राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सैयद अता हसनैन से मुलाकात की और सरकार गठन का दावा प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने इस दावे को स्वीकार कर लिया है। 15 अप्रैल (बुधवार) सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ नई कैबिनेट के अन्य मंत्री भी शपथ ग्रहण करेंगे। यह बदलाव बिहार की राजनीति में एक नए दौर की शुरुआत माना जा रहा है। कभी लालू प्रसाद यादव की राजनीति से जुड़े रहे सम्राट चौधरी आज भाजपा के सबसे भरोसेमंद चेहरों में शामिल हो चुके हैं और सत्ता के शीर्ष तक पहुंच गए हैं। सम्राट चौधरी का राजनीतिक सफर सम्राट चौधरी का जन्म 16 नवंबर 1968 को मुंगेर जिले के लखनपुर गांव में हुआ था। राजनीति उन्हें विरासत में मिली। उनके पिता शकुनी चौधरी समता पार्टी के संस्थापकों में रहे और सात बार विधायक व सांसद रह चुके हैं। उनकी माता पार्वती देवी भी विधायक रह चुकी हैं।

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह

## मुख्यमंत्री ने की नगरीय क्षेत्रों में 200 अंबेडकर ई-लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा

### समाज के सभी वर्गों का सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से हो रहा सशक्तीकरण

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार पिछड़े, वंचित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का उजियारा पहुंचाने एवं जीवन स्तर सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है। डबल इंजन सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय के आदर्शों पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र पर काम कर रही है। हमारी सरकार बाबा साहेब के सपनों को पूरा करते



हुए समाज के सभी वर्गों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त एवं सक्षम करने का कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र विकास में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने पेंशन एवं पालनहार योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 1 हजार 363 करोड़ रुपये का राशि हस्तांतरित की। उन्होंने 10 छात्रावास भवनों का लोकार्पण, 17 भवनों का शिलान्यास करने के साथ ही जामडोली स्थित स्वयंसिद्धा परिसर में लाइब्रेरी का वर्चुअल उद्घाटन किया। साथ ही, एआई आधारित 'हैल्प डेस्क समाधान साथी' का शुभारंभ भी किया।

उन्होंने विशेष योग्यजनों को सहायक उपकरण एवं कन्यादान योजना के लाभार्थियों को राशि का वितरण किया। समारोह में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्रों में 200 अंबेडकर ई-लाइब्रेरी स्थापित करने एवं अंबेडकर पीठ, मूंडला, जयपुर में अंबेडकर आवासीय कोचिंग केन्द्र की स्थापना की घोषणा भी की।


शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब की शिक्षा और दृष्टिकोण हमारी डबल इंजन सरकार की कार्यप्रणाली की बुनियाद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना एवं आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ हमारे पिछड़े और वंचित वर्गों को मिल रहा है।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार में अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार के प्रकरणों में 28 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। वहीं, शिक्षा के लिए अनुसूचित जाति उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 292 करोड़ रुपये व्यय कर 3 लाख 75 हजार विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की गई है।

# सोनिया गांधी ने महिला आरक्षण पर सवाल उठाते हुए कहा परिसीमन असली मुद्दा

## चुनाव के बीच विशेष सत्र पर भी किए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनियां गांधी ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि महिला आरक्षण के बहाने सरकार का असली एजेंडा परिसीमन है, जिस पर अब तक स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। कांग्रेस नेत्री सोनियां गांधी ने अपने एक लेख में कहा, कि प्रधानमंत्री विपक्ष से उन विधेयकों का समर्थन मांग रहे हैं, जिन्हें संसद के विशेष सत्र में जल्दबाजी में पारित कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इस बात पर भी सवाल उठाया कि जब तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है, तब इस विशेष सत्र को बुलाने की क्या आवश्यकता थी?



सोनिया गांधी ने कहा, यह पूरा कदम राजनीतिक लाभ हासिल करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने याद दिलाया कि सरकार 2023 में ही 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित कर चुकी है, लेकिन इसे लागू करने की शर्त अगली जनगणना और परिसीमन से जोड़ी गई है। ऐसे में उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्र में महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन असली मुद्दा है, जो संविधान के लिए चिंताजनक हो सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विपक्ष पहले ही मांग कर चुका है कि महिला आरक्षण को 2024 के आम चुनाव से लागू किया जाए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी साल 2024 में इस संबंध में सरकार से आग्रह किया था, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया। अब सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन कर इसे 2029 से लागू करने की तैयारी कर रही है।

सोनिया गांधी ने सवाल उठाया है, कि इस फैसले पर सरकार को यू-टर्न लेने में 30 महीने क्यों लगे और पांच राज्यों के चुनाव खत्म होने तक इंतजार क्यों नहीं किया गया? उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष तीन बार पत्र लिखकर 29 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग कर चुका है, लेकिन उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### खड़गे ने विशेष सत्र की टाइमिंग को लेकर की आपत्ति

इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर विशेष सत्र की टाइमिंग पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि चुनावों के बीच इस तरह का कदम यह दर्शाता है कि सरकार इस कानून को राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी में लागू करना चाहती है। साथ ही, उन्होंने परिसीमन से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग दोहराई है।

## हार के डर से एसआईआर को मुददा बना रही ममता : मिथुन चक्रवर्ती



कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और बालीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार हुआ था, और उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर विधानसभा चुनावों में हार के डर से प्रक्रिया को मुद्दा बनाने का आरोप लगाया। बीजेपी नेता चक्रवर्ती ने कहा कि एसआईआर किसी के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता है। उन्होंने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक रोड शो के दौरान बताया, किसी अन्य राज्य में एसआईआर कोई मुद्दा नहीं है। इस संविधान के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा कराया गया है। तमिलनाडु में यह सुचारू रूप से संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं और कोई समस्या नहीं आई थी। बीजेपी नेता चक्रवर्ती ने दावा किया, पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार एसआईआर को लेकर हंगामा कर रही है, क्योंकि उन्हें (पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को) हार का डर सता रहा है।

## हाईकोर्ट के फैसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची असम सरकार, पवन खेड़ा की बढ़ेंगी मुश्किलें

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की मुश्किलें फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। असम सरकार ने तेलंगाना हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें पवन खेड़ा को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी गई थी। असम सरकार की इस याचिका ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। पूरा मामला तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश से जुड़ा है, जिसमें कोर्ट ने पवन खेड़ा को राहत देते हुए एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत मंजूर की थी। हाईकोर्ट का उद्देश्य खेड़ा को इतना समय देना था कि वह संबंधित निचली कोर्ट में जाकर अपनी नियमित जमानत याचिका दायर कर सकें। रिपोर्ट के मुताबिक असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ अपील की है जिसमें सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी शर्मा के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर असम में दर्ज एक मामले के सिलसिले में पवन खेड़ा को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी गई थी। असम सरकार का तर्क है कि पवन खेड़ा के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर हैं और उन्हें इस तरह की राहत नहीं मिलनी चाहिए।



## ईरान में फंसे 71 भारतीय मछुआरे सुरक्षित वतन लौटे, उमरगाम में जश्न का माहौल

वलसाड (एजेंसी)। गुजरात के वलसाड जिले के उमरगाम तालुका स्थित मरोली गांव और आसपास के इलाकों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। लंबे समय से ईरान में फंसे करीब 71 भारतीय मछुआरे अब सुरक्षित भारत लौट आए हैं। यह संभव हो पाया है भारत सरकार के सफल कूटनीतिक प्रयासों के चलते। जानकारी के अनुसार, ये सभी मछुआरे रोजगार के सिलसिले में मछली पकड़ने के लिए ईरान गए थे। इसी दौरान ईरान और आसपास के क्षेत्रों में उत्पन्न युद्ध जैसे हालात और बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के कारण वे वहां फंस गए थे। इस घटना से उनके परिवारों में गहरी चिंता और बेचैनी का माहौल था। मछुआरों ने वीडियो संदेश के जरिए भारत सरकार और गुजरात सरकार से मदद की गुहार लगाई थी। इसके बाद वलसाड के सांसद और विदेश मंत्रालय की सक्रिय पहल पर ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने राहत अभियान चलाकर सभी मछुआरों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी 71 मछुआरे भारत लौट चुके हैं और तय कार्यक्रम के अनुसार वे कल उमरगाम रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। उनकी वापसी की खबर मिलते ही मरोली गांव में खुशी का माहौल छा गया है। लंबे समय के इंतजार के बाद अपने प्रियजनों से मिलने को परिवार उत्सुक हैं। वतन लौटने के बाद मछुआरों ने भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वहां की स्थिति बेहद गंभीर थी, लेकिन समय पर मिली मदद ने उनकी जान बचा ली। वहीं, गांव के लोगों द्वारा उनके स्वागत की भव्य तैयारियां भी की जा रही हैं।

## जोधपुर रेल मंडल की उपलब्धि : कबाड़ से कमाए 58 करोड़, राजस्व में 300 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि

जोधपुर (एजेंसी)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेल मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। मंडल ने कबाड़ (स्क्रैप) निस्तारण के माध्यम से 58 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है, जो न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रेलवे की सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों को भी नए स्तर पर ले गया है। यह सफलता इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले मंडल ने लगभग 300 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार रेलवे के खजाने में करीब 43.48 करोड़ रुपये अधिक जमा हुए हैं। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अनुराग त्रिपाठी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रेलवे ने 15 हजार मीट्रिक टन स्क्रैप निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया था। जोधपुर मंडल की टीम ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए न केवल लक्ष्य को समय रहते हासिल किया, बल्कि कुल 16,500 मीट्रिक टन कबाड़ का सफल निष्पादन कर लक्ष्य को भी पार कर लिया। डीआरएम ने स्पष्ट किया कि कबाड़ हटाना केवल राजस्व बढ़ाना नहीं है, बल्कि यह रेलवे के नॉन फेयर रेवेन्यू को मजबूती प्रदान करने का एक जरिया है, जिससे प्राप्त संसाधनों का उपयोग यात्री सुविधाओं को आधुनिक बनाने में किया जाता है। इस अभियान का सबसे बड़ा लाभ रेलवे की सुरक्षा और स्वच्छता में देखने को मिला है। रेल पटरियों, यार्डों और वर्कशॉप में वर्षों से पड़े अनुपयोगी लोहे, पुराने रेल ट्रैक और जंग लगे उपकरणों को हटाने से परिचालन अधिक सुरक्षित हो गया है। पुराने केबल और बेकार पड़े सामान हटने से शॉर्ट सर्किट और आग लगने जैसी घटनाओं का खतरा न्यूनतम हो गया है। साथ ही, यार्ड और स्टेशन क्षेत्रों में कबाड़ के ढेर हटने से विजिबिलिटी बढ़ी है, जिससे सुरक्षा निगरानी अधिक प्रभावी हो गई है। परिसर में खाली हुई जगह के कारण अब असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी लगाम कसना आसान हो गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने लालू को दिया झटका, एफआईआर रद्द करने वाली याचिका की खारिज



नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव को लैंड फॉर जॉब मामले में सुप्रीम कोर्ट ने झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने वाली याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने लालू यादव को एक राहत भी दी है। उन्हें अधीनस्थ कोर्ट की कार्यवाही में पेशी से छूट दी गई है। बता दें लालू प्रसाद यादव ने जमीन के बदले नौकरी मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर और चार्जशीट दोनों रद्द करने की मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर की बेंच ने कहा कि लालू यादव को ट्रायल कोर्ट में पेश होने की जरूरत नहीं। लालू यादव की तरफ से तर्क देते हुए कहा गया था कि सीबीआई ने मुकदमा चलाने के लिए कोई कानूनी मंजूरी नहीं ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले को वह निचली अदालत में भी उठा सकते हैं। आरजेडी नेता लालू यादव ने कहा था कि उनके परिवार के कई सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जो कि रद्द होनी चाहिए। इस मामले में उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से पहले भी झटका लग चुका है।

## बिहार में 15 को हो सकता है नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण, पीएम के शामिल होने की संभावना

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की सियासत में बड़े बदलाव की पटकथा लिखी जा चुकी है। राज्य में नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा के लिए 14 अप्रैल का दिन बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है, जब औपचारिक रूप से विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं शामिल हो सकते हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं के भी मौजूद रहने की उम्मीद है।



सत्ता हस्तांतरण की इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 14 अप्रैल को बतौर पर्यवेक्षक पटना पहुंच रहे हैं। उनकी मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। इसी दिन मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कैबिनेट की आखिरी बैठक बुलाई गई है, जिसके बाद उनके पद से इस्तीफा देने की पूरी संभावना है। प्रशासनिक गलियारों में चर्चा है कि प्रधानमंत्री 14 अप्रैल की शाम ही पटना पहुंच सकते हैं और राजभवन या सुरक्षित स्थान पर रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन यानी 15 अप्रैल को समारोह में शिरकत करेंगे।

हालांकि, नए मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सस्पेंस अभी भी बरकरार है। राजनीतिक गलियारों में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम सबसे मजबूती से उभरा है, लेकिन केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय समेत कुछ अन्य नामों पर भी कयास लगाए जा रहे हैं। भाजपा आलाकमान राज्य के जातीय समीकरणों और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए किसी ऐसे नाम पर दांव लगाना चाहता है, जो सर्वमान्य हो। विधायक दल की बैठक के बाद एनडीए के घटक दलों के साथ संयुक्त चर्चा होगी, जिसके बाद नेता के नाम का आधिकारिक ऐलान कर दिया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए पटना के बापू सभागार और लोकभवन को विकल्प के तौर पर तैयार रखा जा रहा है। माना जा रहा है कि पहले चरण में मुख्यमंत्री के साथ केवल उपमुख्यमंत्री और कुछ बेहद महत्वपूर्ण विभागों के मंत्रियों को ही शपथ दिलाई जाएगी, जबकि मंत्रिमंडल का पूर्ण विस्तार बाद के चरणों में किया जाएगा। फिलहाल पूरी राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है और बिहार की जनता की निगाहें 14 और 15 अप्रैल की गतिविधियों पर टिकी हैं।

# कांग्रेस को जीत नहीं दिला पा रहे राहुल गांधी, पार्टी में उन्हें हटाने का माहौल: फडणवीस

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस में उन्हें हटाने का माहौल बन रहा है, क्योंकि वह पार्टी को चुनाव में जीत नहीं दिला पा रहे हैं। फडणवीस ने यह बात एक कार्यक्रम में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी केवल अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं और अपने नेतृत्व को लगातार मिल रही हार से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। फडणवीस ने दावा किया कि राहुल पार्टी के लिए चुनावी जीत सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं। वह अपनी पार्टी के भीतर जारी संघर्ष से ध्यान हटाने के लिए ऐसे बयान देते हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी आरोप लगाए थे कि बीजेपी और आरएसएस का उद्देश्य संविधान को खत्म करना है क्योंकि वे नहीं चाहते कि भारत में सभी को समान माना जाए। उन्होंने मंडी हाउस से 14 अप्रैल को भीमराव आंबेडकर की जयंती से पहले यहां रन फॉर आंबेडकर, रन फॉर कॉन्स्टीट्यूशन मैराथन शुरू होने से पहले एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आंबेडकर का मुख्य संदेश संविधान का था। संविधान के बिना जिसे हम भारत कहते हैं, वह नहीं होता। उन्होंने कहा था आज जो लोग आरएसएस-बीजेपी की सोच के हैं, वे संविधान को खत्म करना चाहते हैं। वे कुछ भी कहें, उनका असली उद्देश्य संविधान को मिटाना है क्योंकि वे नहीं चाहते कि भारत में सभी को समान माना जाए।

बता दें शनिवार को समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की स्मृति में आयोजित समारोह में पीएम मोदी और राहुल गांधी की मुलाकात हुई थी। यह बातचीत इसलिए खास है क्योंकि सार्वजनिक कार्यक्रमों में दोनों नेताओं को शिष्टाचार का आदान-प्रदान करने के अलावा शायद ही कभी एक-दूसरे से बात करते देखा जाता है। पीएम जब फुले की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे, तो लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई गणमान्य व्यक्ति एक पंक्ति में खड़े थे। सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन करने के बाद पीएम मोदी, राहुल गांधी के पास रुके और उनसे बातचीत करने लगे। यह पता नहीं चल पाया कि एक मिनट की इस बातचीत में उन्होंने किस बारे में बात की।

## खरगे के बयान पर सिंघवी का पलटवार गुजरातियों को मूर्ख समझने वालों को करार जबाव मिलेगा

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात में लोकल निकाय चुनावों का बिगुल बज चुका है और इसके साथ ही राजनीतिक बयानबाजी शुरु हो गई है। वडोदरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नगर निगम चुनाव अभियान का आगाज करते हुए गृह मंत्री (उपमुख्यमंत्री स्तर के नेता) हर्ष संघवी ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता का अपमान करने वालों को आने वाले चुनावों में करारा सबक मिलेगा। दरअसल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कुछ दिन पहले गुजरात के लोगों को ''अशिक्षित'' कहकर दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें ''बेवकूफ'' बना रहे हैं। राज्य के गृह मंत्री संघवी ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के बयान के एक सप्ताह के बाद यह बात कही है। गुजरात में 34 जिला पंचायतों, 260 तालुका पंचायतों, 84 नगरपालिकाओं और 15 नगर निगमों (जिनमें अहमदाबाद, सूरत और वडोदरा शामिल हैं) के लिए चुनाव 26 अप्रैल को होगा। मतगणना 28 अप्रैल को होगी। संघवी ने कहा, ''गुजरात से नफरत करने वाले और गुजरातियों को मूर्ख समझने वालों को हर जिले में करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता और भाजपा एक बड़ा परिवार है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात की जनता सामूहिक रूप से 2026 के स्थानीय निकाय चुनाव में नया इतिहास रचने के उद्देश्य से आगे बढ़ रही है।

# बाबा खरात के 11 ठिकानों पर ईडी का छापा, हो सकता है बड़े नेटवर्क का खुलासा

## -अजीब और गोलमोल जवाब देकर जांच एजेंसियों को उलझा रहा, पत्नी है फरार

**नासिक (एजेंसी)।** नासिक का फर्जी बाबा अशोक खरात मामले अब और गहराता जा रहा है, जिस शख्स पर लोगों को धोखा देने, दुष्कर्म और करोड़ों की ठगी के आरोप हैं, अब उसकी संपत्तियों पर ईडी की छापेमारी ने पूरे मामले को नई दिशा दे दी है। 11 जगहों पर एक साथ छापेमारी ने साफ कर दिया है कि मामला सिर्फ बाबा तक सीमित नहीं है, इसके पीछे बड़ा नेटवर्क हो सकता है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि पूछताछ में बाबा अशोक खरात बार-बार अजीब और गोलमोल जवाब देकर जांच एजेंसियों को उलझा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वह सच्चाई छिपा रहा है या सच में उसके सीने में बड़ा राज दफन है?



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईडी की इस कार्रवाई ने मामले को सिर्फ आपराधिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक अपराध के दायरे में ला दिया है। बाबा खरात के घर, ऑफिस, फार्महाउस और मंदिर तक पर छापा मारा गया है जिससे पता चलता है कि जांच एजेंसियां हर पहलू को खंगाल रही हैं। इस बीच उसकी फरार पत्नी कल्पना खरात का रहस्य भी मामले को उलझा रहा है। पुलिस पिछले कई दिनों से उनकी तलाश कर रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। खुद बाबा अशोक खरात का यह कहना कि 'मेरी पत्नी कहां है, यह सिर्फ भगवान जानते हैं' जांच को और पेचीदा बना देता है।

ईडी ने नासिक में बाबा खरात से जुड़े 11 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। इनमें उसका घर, ऑफिस, फार्महाउस और ईशान्यश्वर मंदिर जैसी संपत्तियां शामिल हैं। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि इन ठिकानों से कई अहम दस्तावेज और डिजिटल सबूत मिल सकते हैं। यह छापेमारी इस बात का संकेत है कि मामला अब बड़े आर्थिक घोटाले की ओर बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे हो सकते हैं। पूछताछ में बाबा अशोक खरात का रवैया जांच एजेंसियों के लिए चुनौती बना हुआ है।

इस बीच पुलिस और एसआईटी बाबा की पत्नी कल्पना खरात की तलाश कर रही हैं। उसके खिलाफ नोटिस जारी किया है ताकि वे देश छोड़कर भाग न सकें। कल्पना ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, लेकिन अभी तक उन्हें राहत नहीं मिली है। जांच एजेंसियां मान रही हैं कि उसकी गिरफ्तारी से मामले में कई अहम कड़ियां जुड़ सकती हैं। बाबा अशोक खरात को सोमवार को नासिक की कोर्ट में पेश किया क्योंकि उसकी पुलिस हिरासत खत्म हो रही है। एसआईटी इस मामले में उसे एक और केस में हिरासत में लेने की तैयारी कर रही है। अब तक हुई जांच और बरामद सबूतों की पूरी जानकारी अदालत को दी जाएगी। संभावना है कि आगे की जांच में और बड़े नाम सामने आ सकते हैं और मामले की दिशा बदल सकती है।

# कर्नाटक : कैबिनेट में फेरबदल या मुख्यमंत्री बदलने की कवायद को लेकर दिल्ली में डाला ढेरा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। राज्य की सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के भीतर कैबिनेट विस्तार और फेरबदल की मांग को लेकर असंतोष के स्वर उभरने लगे हैं। ताजा घटनाक्रम में करीब 30 वरिष्ठ कांग्रेस विधायक दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं, जिससे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सरकार पर दबाव बढ़ता दिख रहा है। ये विधायक दिल्ली में आलाकमान, विशेषकर राहुल गांधी से मुलाकात कर कैबिनेट में जगह देने की गुहार लगा सकते हैं। या फिर मुख्यमंत्री बदलने की प्रक्रिया का हिस्सा होने की भी आशंका जताई जा रही है।



विधायकों के इस कदम का मुख्य उद्देश्य कैबिनेट में नए चेहरों को शामिल करवाना है। कांग्रेस विधायक बेलूर गोपालकृष्ण ने इस गुट की मंशा स्पष्ट करते हुए कहा कि कई ऐसे नेता हैं जिन्हें तीन से पांच बार मंत्री बनने का मौका मिला है। अब समय आ गया है कि उन वरिष्ठ सदस्यों को अवसर दिया जाए जो अब तक वंचित रहे हैं। वहीं, विधायक अशोक पाटन ने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री ने पहले दो साल बाद बदलाव के संकेत दिए थे, लेकिन अब तीन साल बीत जाने के बाद भी फेरबदल का इंतजार बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि केवल अनुभवी नेता ही नहीं, बल्कि पहली बार जीतकर आए विधायक भी मंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी मजबूती से पेश कर रहे हैं। मांड्या से विधायक रविकुमार गौड़ा ने बताया कि लगभग 38 नए विधायकों ने नेतृत्व को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रस्तावित फेरबदल में उनमें से कम से कम पांच को मंत्री बनाया जाए। उनका तर्क है कि राज्य की सेवा के लिए नए दृष्टिकोण की भी आवश्यकता है। वरिष्ठ विधायकों की मांग है कि कम से कम 20 नए चेहरों को कैबिनेट में स्थान मिले। इस बीच, विपक्ष ने सत्तारूढ़ दल की इस आंतरिक खींचतान पर निशाना साधा है। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने दावा किया कि यह दिल्ली यात्रा केवल मंत्री पद के लिए नहीं, बल्कि नेतृत्व परिवर्तन के दबाव का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायकों का एक गुट उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की पैरवी कर रहा है, जबकि दूसरा गुट सिद्धारमैया को बनाए रखना चाहता है। हालांकि, दिल्ली गए विधायकों ने इसे केवल कैबिनेट में उचित प्रतिनिधित्व की मांग बताया है। अब सारा फैसला कांग्रेस आलाकमान और मुख्यमंत्री के हाथ में है कि वे इस असंतोष को कैसे शांत करते हैं।

# आधी आबादी ही है जो ममता दीदी की ताकत बनी हुई है, भाजपा नहीं दे पा रही मात!

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति और विधानसभा चुनावों का विश्लेषण करने वाले विशेषज्ञों के लिए ममता बनर्जी की सत्ता में निरंतरता एक शोध का विषय रही है। देश की सबसे शक्तिशाली पार्टी भाजपा की तमाम कोशिशों के बावजूद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस का दुर्ग अभेद्य बना हुआ है। इस राजनीतिक मजबूती के पीछे की सबसे बड़ी ताकत ममता बनर्जी की महिला ब्रिगेड है, जो न केवल पार्टी के शीर्ष पदों पर आसीन है, बल्कि जमीनी स्तर पर संगठन की रीढ़ बनकर उभरी है।

71 वर्षीया ममता बनर्जी, जिन्हें उनके समर्थक दीदी कहकर पुकारते हैं, ने अपनी सादगीपूर्ण छवि और संघर्षशील व्यक्तित्व के साथ महिलाओं को अपनी राजनीति के केंद्र में रखा है। कन्याश्री, लक्ष्मी भंडार और स्वास्थ्य साथी जैसी कल्याणकारी योजनाओं ने राज्य में एक वफादार महिला वोट बैंक तैयार किया है। लेकिन ममता की शक्ति केवल वोट बैंक तक सीमित नहीं है; उन्होंने महिलाओं का एक ऐसा नेतृत्व ढांचा तैयार किया है जो संगठन और सरकार दोनों को मजबूती प्रदान करता है। तृणमूल कांग्रेस चुनावों में लगभग 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देती है, जो अन्य राष्ट्रीय दलों की तुलना में कहीं अधिक है।

इस महिला ब्रिगेड में सबसे अनुभवी चेहरों में 70 वर्षीया चंडीमा भट्टाचार्य शामिल हैं। राज्य के वित्त और भूमि जैसे महत्वपूर्ण विभागों की मंत्री चंडीमा, सिंगुर-नंदीग्राम आंदोलन के समय से ममता की भरोसेमंद सहयोगी रही हैं। पेशे से वकील चंडीमा पर नेतृत्व का अटूट विश्वास ही है कि 2016 में चुनाव हारने के बावजूद उन्हें उपचुनाव के जरिए वापस लाया गया और मंत्री पद सौंपा गया। वहीं, 63 वर्षीया डॉ. शशि पांजा, जो महिला एवं बाल विकास मंत्रालय संभाल रही हैं, ने कन्याश्री जैसी योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। संसदीय राजनीति में बारासात से सांसद डॉ. काकोली घोष दस्तीदार और राज्यसभा में पार्टी की मुखर आवाज डोला सेन जैसे नाम ममता बनर्जी के पुराने और संघर्ष के दिनों के साथी हैं। युवा नेतृत्व में संथाली फिल्मों से राजनीति में आईं बिरबाहा हांसदा जनजातीय क्षेत्रों में पार्टी का प्रमुख चेहरा हैं। इसके अलावा, कृष्णा चक्रवर्ती जैसी नेता पिछले चार दशकों से ममता बनर्जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। अब जब ममता बनर्जी चौथी बार सत्ता में लौटने की तैयारी कर रही हैं, तो उनकी यह सशक्त महिला ब्रिगेड कोलकाता की सड़कों से लेकर दिल्ली के गलियारों तक चुनावी बिसात बिछाने में जुट गई है। यह नेतृत्व ही टीएमसी को बंगाल की राजनीति में अन्य दलों से अलग और मजबूत बनाता है।



# सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ अम्बेडकर जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह

## 1,363 करोड़ रुपए की राशि का डीबीटी हस्तांतरण, 'समाधान साथी' एआई चैटबॉट का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती सामाजिक न्याय, समानता एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा को सशक्तिकरण का मूल आधार मानते हुए वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा तथा महिलाओं को समान अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए, जिनका प्रभाव आज भी समाज के प्रत्येक वर्ग में परिलक्षित होता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह विचार जयपुर के भवानी निकेतन परिसर से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 135 वीं जयन्ती समारोह पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समावेशी एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए उनका अनुसरण करना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बाबा



साहब के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से क्रियान्वित की जा रही हैं, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक समानता को बल मिला है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि राज्य सरकार सामाजिक न्याय, सुशासन एवं पारदर्शिता के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी नागरिक बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक समतामूलक, न्यायपूर्ण एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

समारोह के दौरान उन्होंने प्रदेश के पेंशन एवं पालनहार योजना के लाभार्थियों को 1,363 करोड़ की राशि का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हस्तांतरण किया गया। इस पहल से प्रदेश के लाखों पात्र लाभार्थियों को प्रत्यक्ष आर्थिक संबल प्राप्त होगा तथा उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं छात्रवृत्ति योजना के लिए एआई (्ढ्ढ) चैट-बोट संचालित संवादात्मक हेल्प डेस्क व्हाट्सएप नंबर 7690080055 ''समाधान साथी'' का शुभारम्भ किया गया। इसके माध्यम से नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुलभ सहायता प्राप्त हो सकेगी। जिला मुख्यालय स्थित नगर निगम टाउनहॉल में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रतिभा देवटिया, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा के दो अफसरों को 'सीएम सराहनीय सेवा पदक'

## एसपी यादव व एएसपी जैन का चयन, 16 अप्रैल को जयपुर में होगा सम्मान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान पुलिस दिवस पर जिले के एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव और एएसपी पारस जैन को 'मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 16 अप्रैल को जयपुर में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। उत्कृष्ट सेवा व कर्तव्यनिष्ठा के लिए हुए इस चयन



से जिले में खुशी का माहौल है।

## चम्बल विभाग की लापरवाही उजागर

# 4 दिन से सूखे नल, दर्जनों गांवों में पानी का संकट, इंसान ही नहीं, पशु-पक्षी भी प्यासे



स्मार्ट हलचल | खजुरी

क्षेत्र में चम्बल विभाग की भारी लापरवाही सामने आई है, जहां खजुरी चम्बल पंप में आई तकनीकी खराबी के कारण दो पंचायतों के दर्जनों गांवों में पिछले 4 दिनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है। हालात ऐसे बन गए हैं कि हजारों ग्रामीणों के साथ-साथ बेजुबान पशु-पक्षी भी पानी के लिए तरस रहे हैं।

जानकारी के अनुसार किशनगढ़, बाकरा, मेंलवा, भीमपुरा, बाघ की झोपड़िया, शेरपुरा, उरणा, कांस्या सहित कई गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता सत्यनारायण सेन ने बताया कि लगातार 4 दिनों से चम्बल का पानी गांवों तक नहीं पहुंच रहा, जिससे लोगों में भारी रोष है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सवाल यह उठता है कि आखिर कब जागेगा चम्बल विभाग? क्या प्रशासन किसी बड़े आंदोलन का इंतजार कर रहा है?

# पोक्सो मामले का 6 माह से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

## कांस्टेबल ने बदला भेष, जुटाई खुफिया जानकारी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले के बिजौलिया थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के गंभीर प्रकरण में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 6 माह से फरार 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहा था।

पुलिस महानिरीक्षक राजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन व वृत्ताधिकारी बाबूलाल विष्णोई के सुपरविजन में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

जांच के दौरान कांस्टेबल राजवीर ने अहम भूमिका निभाते हुए सोजत सिटी (पाली) में करीब 25 दिनों तक फाइनेंस कर्मी बनकर खुफिया जानकारी जुटाई। इसके बाद आरोपी धर्मराज उर्फ धर्मेन्द्र बावरी को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी धर्मराज पुत्र शेषाराम बावरी, निवासी लुहार कॉलोनी, मोड़ भट्टा, सोजत सिटी (पाली) है, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खाद्य महकमा का सख्त शिकंजा: डेयरियों पर छापे, लिये नमूने

## मिलावटखोरों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी, अजमेर लैब में होगी जांच; आमजन से सतर्क रहने की अपील






स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में मिलावटखोरी पर लगाम कसने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। सोमवार और मंगलवार को चलाए गए विशेष अभियान में विभिन्न डेयरियों और प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए दूध, क्रीम और घी के नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए अजमेर प्रयोगशाला भेजा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा के निर्देशन में टीम ने बनेड़ा क्षेत्र के चामुंडा फूड्स से दूध तथा मांडल चौराहा स्थित बालाजी गुर्जर डेयरी से क्रीम का नमूना लिया। वहीं मंगलवार को शहर में सिखवाल डेयरी, सीताराम डेयरी और श्याम डेयरी से घी के नमूने संग्रहित किए गए।

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में टीम ने सघन निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता की जांच की। विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि मिलावटखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। सीएमएचओ ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट की जांच जरूर करें। साथ ही किसी भी तरह की मिलावट की आशंका होने पर तुरंत विभाग को सूचना देने को कहा है। खाद्य विभाग का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री मिल सके।

# बोलेरो ने मोटरसाइकिल के मारी टक्कर, दो सगे भाइयों की मौत

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** तीर्थ नगर पुष्कर के निकटवर्ती गाँव बूढ़ा पुष्कर बाईपास पर तेज गति से आ रही बोलोरो ने सामने आ रही मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए ओर मोटरसाइकिल पर सवार दोनों सगे भाइयों की मौत हो गई तथा बोलोरो पलटी खा गई दोनों मृतक थांवला अस्पताल में कार्यरत डॉ प्रकाश चौधरी के भाई बताए जा रहे हे । प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ प्रकाश चौधरी के दोनों भाई मुकेश पुत्र पूरा राम उम्र 30 वर्ष वह सुदाना राम पुत्र पूराराम उम्र 47 निवासी रतन पूरा जिला सीकर थांवला में निर्माणाधीन मकान के लिए किशनगढ़ टाइल्स देखकर वापस आ रहे थे कि इसी दौरान बुढा पुष्कर बाईपास पर तेज गति से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी ।टक्कर लगने से दोनों ही भाइयों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई तो वही बोलेरो पलटी खा गई ।बोलोरो बाघोलाई निवासी रामदेव सिंह रावत बताया जाता है ।जो शराब के नशे में धुत हो रखा था ,लोगों ने तुरंत चालक को पड़कर पुलिस के हवाले कर



दिया ।तो वही 108 एंबुलेंस से तुरंत दोनों भाइयों को पुष्कर अस्पताल पहुंचाया ।जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया ।वही मामले की जानकारी मिलते ही डॉक्टर प्रकाश चौधरी तुरंत अस्पताल पहुंचे । दोनों भाइयों के शव देखकर रो पड़े।

# हाउसिंग बोर्ड का बड़ा फैसला: सुवाणा में जल्द आएगी नई आवासीय योजना, 100 प्लॉट प्रस्तावित

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

अपने घर का सपना देखने वालों के लिए राहत भरी खबर है। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जल्द ही सुवाणा क्षेत्र में नई आवासीय योजना लॉन्च करने जा रहा है। योजना का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेज दिया गया है, जहां से स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित योजना में करीब 100 प्लॉट विकसित किए जाएंगे। इन प्लॉट्स पर अलग-अलग आय वर्ग—अल्प, मध्यम और अन्य श्रेणियों के लिए आवास तैयार किए जाएंगे। योजना का उद्देश्य शहर में बढ़ती आवासीय




मांग को पूरा करना और आमजन को सस्ती दरों पर मकान उपलब्ध कराना है।

मण्डल सूत्रों के अनुसार नई योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त कॉलोनी विकसित की जाएगी, जिसमें सड़क, पानी, बिजली और अन्य बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पूर्व में बोर्ड द्वारा विकसित योजनाओं की तर्ज पर इसे भी व्यवस्थित और आकर्षक बनाया जाएगा।

हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृति मिलते ही निर्माण और विकास कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि पात्र आवेदकों को जल्द से जल्द लाभ मिल सके।

# मंडी में गूंजा 'एमएसपी' का बिगुल: समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद शुरू

## किसानों को राहत—सरकारी खरीद का आगाज़, 30 जून तक चलेगा अभियान; 2585 रु. प्रति क्विंटल तय भाव

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले की कृषि उपज मंडियों में रबी विपणन सत्र 2026-27 के तहत समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीद का विधिवत शुभारंभ हो गया है। सरकार द्वारा घोषित 2585 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर किसानों से गेहूं की खरीद की जा रही है। यह अभियान 30 जून 2026 तक संचालित रहेगा।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किसानों का अभिनंदन करते हुए भरोसा दिलाया कि इस बार खरीद प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व सुगम बनाया गया है। मंडियों में तौल, भुगतान और पंजीयन की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना




न करना पड़े।

मंडी सूत्रों के अनुसार किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीयन, समयबद्ध तौल और सीधे खाते में भुगतान जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही मंडी परिसर में छाया, पानी और बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू होने से उन्हें बाजार में बेहतर दाम मिलने की उम्मीद जगी है। प्रशासन ने भी आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# महात्मा गांधी अस्पताल के पार्क में अचानक आग, मचा हड़कंप

## अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी; दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा, कारणों की जांच शुरू

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर के प्रमुख महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर स्थित पार्क में सोमवार को अचानक आग भड़क उठी, जिससे अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें देख मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। अस्पताल प्रशासन और दमकल कर्मियों की मुस्तैदी से आग को विकराल रूप लेने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। प्रशासन ने एहतियातन पार्क क्षेत्र को खाली करवा लिया, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, हालांकि जांच शुरू कर दी गई है। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाएगा।

# सर्राफा बाजार में मंदी की मार: चांदी के दामों में 5,000 की ऐतिहासिक गिरावट

## वैश्विक बाजारों में बिकवाली का असर, शादियों के सीजन में आम खरीदारों को मिली बड़ी राहत, सोने के भाव 78 हजार के करीब

स्मार्ट हलचल | जयपुर/भीलवाड़ा

राजस्थान के सर्राफा बाजार में मंगलवार को एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला। पिछले कई दिनों से रिकॉर्ड ऊंचाई पर चल रही चांदी की कीमतों में अचानक 5,000 प्रति किलोग्राम की भारी गिरावट दर्ज की गई। वहीं सोने की कीमतों में भी 400 प्रति 10 ग्राम की नरमी रही। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती और ऊंचे स्तरों पर निवेशकों द्वारा की गई 'मुनाफावसूली' इस गिरावट का मुख्य कारण है।

### बाजार के ताजा भाव (प्रति 10 ग्राम/किलो)

चांदी (999 शुद्धता): 2,44,000 (कल के मुकाबले 5,000 कम), सोना (24 कैरेट)



: 78,200 (कल के मुकाबले 400 कम) सोना (22 कैरेट): 72,600 (जेवराती सोना)

### क्यों आई बाजार में इतनी बड़ी गिरावट?

अंतरराष्ट्रीय दबाव: अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को लेकर सख्त रुख अपनाने के संकेतों से वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं के दाम टूटे हैं।

### विशेषज्ञों की सलाह

'चांदी की कीमतों में आई यह गिरावट उन लोगों के लिए बेहतरीन मौका है जो आगामी विवाह समारोहों के लिए गहने बनवाना चाहते हैं। हालांकि, अल्पकालिक निवेशकों को अभी बाजार की चाल को समझने के लिए थोड़ा इंतजार करना चाहिए।'

— बाजार विश्लेषक, स्मार्ट हलचल विजुअल एडिटर

स्थानीय मांग में कमी: शादियों का सीजन होने के बावजूद कीमतें बहुत अधिक होने के कारण आम ग्राहकों ने खरीदारी से दूरी बना ली थी, जिससे स्थानीय बाजारों में दबाव बना।

डॉलर की मजबूती: अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर इंडेक्स में मजबूती आने से सोने और चांदी की कीमतों पर नकारात्मक असर पड़ा है।

# पंचायत चुनाव टालने पर कांग्रेस का बिगुल



## सड़क पर उतरेगी पार्टी, जाट का ऐलान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** पंचायत एवं निकाय चुनाव टालने के फैसले के विरोध में कांग्रेस अब आक्रामक तेवर में नजर आ रही है। पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने साफ चेतावनी दी है कि अगर चुनाव जल्द नहीं कराए गए तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के तत्वावधान में 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत मॉडल क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सरकार के फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद की।

पूर्व मंत्री जाट ने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की जड़ हैं, इन्हें टालना जनादेश का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर चुनाव टाल रही है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कांग्रेस इसके विरोध में गांव-गांव और बूथ स्तर तक आंदोलन चलाएगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि हर बूथ पर धरना-प्रदर्शन कर आमजन को जागरूक करें और लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई को मजबूत बनाएं। साथ ही आगामी चुनावों को लेकर संगठन को और सशक्त करने पर भी जोर दिया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर चुनाव कराने की मांग उठाई और सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया।

# विशेष रिपोर्ट: सूखे की आहट! राजस्थान में इस साल 'कम मानसून' का अनुमान

## किसानों और आमजन की बढ़ी चिंता

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान, जो पहले से ही जल संकट और भीषण गर्मी का सामना कर रहा है, वहां से एक चिंताजनक खबर सामने आ रही है। मौसम विभाग (स्द्ब') द्वारा जारी नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, वर्ष 2026 में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना जताई गई है। यह रिपोर्ट कृषि प्रधान राज्य राजस्थान के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, मानसून की ट्रफ लाइन और अल-नीनो के प्रभाव के कारण इस वर्ष मानसून की सक्रियता कम रह सकती है। प्रदेश के कुल 50 जिलों में से केवल 3-4 जिलों में ही सामान्य बारिश होने की उम्मीद है, जबकि बाकी जिलों में सूखे जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर जैसे जिलों में स्थिति और भी गंभीर होने का अनुमान है।

### कृषि सेक्टर पर संकट के बादल

राजस्थान की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा मानसून पर टिका है। कम बारिश की खबर से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं।

**बुआई में देरी:** खरीफ की फसलों (बाजरा, ग्वार, मूंग, मोठ)




की बुआई सीधे तौर पर मानसूनी बारिश पर निर्भर करती है।

**लागत का डर:** कम बारिश होने पर किसानों को सिंचाई के लिए महंगे डीजल और बिजली पर निर्भर रहना पड़ेगा, जिससे खेती की लागत बढ़ जाएगी।

**उत्पादन में गिरावट:** यदि मानसून का वितरण असमान रहा, तो फसलों के उत्पादन में 30% से 40% तक की गिरावट आ सकती है।

जलस्तर और पशुधन की चुनौती

पिछले साल की कम बारिश के कारण राजस्थान के कई बांधों में अभी से जलस्तर काफी नीचे चला गया है।

**पेयजल संकट:** बीसलपुर और जवाई जैसे बड़े बांधों में पानी कम होने से शहरों में जल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

पशुधन का चारा: पश्चिमी राजस्थान में बारिश न होने से घास और चारे की भारी कमी हो जाएगी, जिससे पशुपालकों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

### विशेषज्ञों की राय और सरकार की तैयारी

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रशासन को अभी से 'कंटीन्जेंसी प्लान' (आकस्मिक योजना) तैयार कर लेनी चाहिए। सरकार को कम पानी में उगने वाली फसलों को बढ़ावा देने और वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

'हमें जल संरक्षण की तकनीकों को अपनाना होगा और किसानों को ड्रिप सिंचाई जैसे विकल्पों की ओर मोड़ना होगा ताकि कम बारिश में भी फसल बचाई जा सके।' - कृषि विशेषज्ञ

बाड़मेर में पारा: 41.6एष्ट तक पहुँचा, गर्मी ने तोड़े पुराने रिकॉर्ड।

अल-नीनो का असर: प्रशांत महासागर में हो रहे बदलावों का सीधा असर राजस्थान के मानसून पर।

**अपील: 'स्मार्ट हलचल'** अपने पाठकों से अपील करता है कि पानी की हर बूंद बचाएं और वर्षा जल संचयन की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# जिलेभर में मनाई अम्बेडकर जयंती, हुए विविध कार्यक्रम

**भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयन्ती पर की पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, वाहन रैली, विचार संगोष्ठी, रक्तदान जैसे हुए कार्यक्रम**

## शहर कांग्रेस ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भारत के महान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थत रहे। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। उनके विचार आज भी समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरणा सत्रोत हैं। उन्होंने ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और उनके सिद्धांतों को अपनाकर ही एक समानता आधारित समाज का निर्माण किया जा सकता है। साथ ही कांग्रेस पार्टी सदैव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रही है तथा सभी कार्यकर्ताओं से



उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भीलवाड़ा विधानसभा कांग्रेस संगठन के प्रभारी गौतम राम स्वामी ने अपने उद्बोधन में डॉ. अंबेडकर जी के जीवन एवं उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज के नेता थे, जिन्होंने सभी वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट कुणाल ओझा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनोज पालीवाल, मेवाराम खोईवाल, मोहम्मद हारुन रंगरेज, कश्मीर शेख, वसीम शेख, मुकेश घूसर, गोरी शंकर दायमा, रामदयाल बलाई, कमल कुमार प्रजापत, सत्यनारायण तोतला, अंकित खोखर, शिवराज सुराणा, अनिता पहाड़िया, गोपाल खटीक, राकेश देसाई, धनराज, भूरलाल रेगर, जीशान शेख, आदित्य यादव, राजेंद्र सिंह राठौड़ सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर अंबेडकर जी के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## शिक्षा शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा-मनीष

स्मार्ट हलचल | काछोला

काछोला कस्बे में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयन्ति पर अंबेडकर मंच के तत्वावधान में महुआ, खजूरी व खटवाडा वाहन रैली व विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता काछोला प्रशासक रामपाल बलाई, अतिविशिष्ट अतिथि वंश प्रदीप सिंह सोलंकी व मुख्य अतिथि अभय सिंह बैरवा सीआईडी ऑफिसर, एडवोकेट कन्हैया लाल बैरवा, डॉ एन के सोनी, राजेन्द्र सिंह सोलंकी, हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी सहित आदि अतिथि थे। मुख्य अतिथि अभय सिंह बैरवा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचारों का अनुसरण करके समाज और राष्ट्र का कल्याण किया जा सकता है। डॉ एन के सोनी ने समाज को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक एकता को मजबूत करने की बात कही। सभी अतिथियों का स्वागत अंबेडकर मंच



के अध्यक्ष मनीष मेघवंशी, जिला उपाध्यक्ष दुर्गा लाल बैरवा, राजेन्द्र रेगर, चांद मल रैगर, प्रेम चन्द रेगर, राजमल रैगर, ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच अध्यक्ष मनीष मेघवंशी ने कहा कि बाबा साहब ने कहा कि था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा। इसका मतलब है कि शिक्षा शेरनी के दूध की तरह शक्तिशाली और सशक्त है, शिक्षा से हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने की ताकत और आत्मविश्वास मिलता है। संचालन राजमल रेगर ने किया। विचार संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अभय सिंह बैरवा, अध्यक्षता प्रशासक रामपाल बलाई, अति विशिष्ट अतिथि वंश प्रदीप सिंह सोलंकी, अंबेडकर विचार मंच अध्यक्ष मनीष कुमार मेघवंशी, उपाध्यक्ष प्रेमचंद रैगर, सत्यनारायण मेघवंशी, संयोजक दुर्गा लाल बैरवा, एडवोकेट कन्हैया लाल रैगर, राजेंद्र सिंह सोलंकी, ब्रह्मा लाल कंजर, डॉ एन के सोनी, अब्दुल सलाम रंगरेज, राजेंद्र कुमार रैगर, चांदमल रैगर, लोकेश कुमार खटीक, महेंद्र मेघवंशी, हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी, मोहम्मद शाबिर रँगरेज,, राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) प्रदेश प्रभारी राजमल रेगर, ओमप्रकाश खटीक, रामलाल मेघवंशी, रमेश चंद्र रैगर, मीडिया प्रभारी असलम रंगरेज, अभिषेक मेघवंशी, राधेश्याम कंजर, किशन साहू, रतन लाल गुर्जर, सीताराम गुर्जर, दिलखुश जाट, मांगी लाल, मुकेश कुमार बैरवा, रामलाल मेघवंशी खजुरी, रामलाल रैगर, आशा राम रैगर, कमल बैरवा, शिवराज रैगर, मुकेश कुमार रैगर, गोपाल लाल बैरवा, कैलाश बैरवा, सांवर लाल बैरवा, सहित सैंकड़ों बाबा साहब के अनुयायियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राजमल रैगर अध्यापक ने किया।

## युवा अपनाएं बाबा साहब के आदर्श

**अधिवक्ता परिषद कार्यक्रम में गूंजा समरसता का संदेश**



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा महेश छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के विचारों और संविधान मूल्यों को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजेश जीनगर ने युवाओं से बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए उनके शोध, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज को एकजुट करने और समानता स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।

विशिष्ट अतिथि दीपक सेन ने संघ के शताब्दी वर्ष के संदर्भ में पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता और स्वसंस्कारों को अपनाने पर जोर दिया। अन्य वक्ताओं रामेश्वर लाल विजयवर्गीय, शिव कुमार शर्मा और राजेश सामरिया ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, शिक्षा और संविधान निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में श्यामलाल वेद, धर्मवीर सिंह कानावत और सुनील जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए, वहीं गजेंद्र सिंह कानावत ने काव्य प्रस्तुति देकर माहौल को भावनात्मक बना दिया।

इस दौरान अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष रतनलाल जाट, महासचिव राकेश जैन, सुरेश सुवालका, आदित्य नारायण जाजपुरा, पीरू सिंह गौड़, रघुनंदन सिंह कानावत, राजेंद्र कचोलिया, युवराज चंदेल, दुर्गेश शर्मा, राघवेंद्र नाथ सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश जैन ने किया तथा अंत में सभी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## रायपुर में बाबासाहेब अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर ऐतिहासिक जुलूस, पूरे कस्बे में गूंजा 'जय भीम' का जयघोष

स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** उपखंड मुख्यालय क्षेत्र में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर अभूतपूर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कस्बे के प्रमुख मार्गों से एक विशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जुलूस ने पूरे क्षेत्र में सामाजिक एकता, समानता और जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल से ही हो गई थी, जहां बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और महिलाएं एकत्रित होकर बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात तहसील अध्यक्ष ज्ञानचंद खटीक ने जुलूस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जैसे ही जुलूस आगे बढ़ा, 'जय भीम ', 'बाबासाहेब अमर रहें' और 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष



करो' जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

यह जुलूस कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर निकला, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। कई स्थानों पर पानी और शीतल पेय की व्यवस्था भी की गई थी, जिससे सामाजिक सद्भाव और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

जुलूस में डॉ. भीमराव अम्बेडकर युवा संगठन संस्था रायपुर के सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ता अनुशासन के साथ शामिल हुए। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, जो नीले झंडे और बैनर लेकर बाबासाहेब के विचारों का प्रचार-प्रसार कर रहे थे।

इस मौके पर कई प्रमुख सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनमें राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के अध्यक्ष गोरधन सालवी, दलित घुमंतू अधिकार मंच राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पूनमनाथ सपेरा, किशन लाल बोलीवाल, सुरेश सालवी, उजास सालवी, लहेरु लाल बैरवा, श्याम लाल खटीक, लक्ष्मण बैरवा, राजकुमार रेगर, प्रेम शंकर सालवी, राजकुमार भील, रामचन्द्र सालवी और शम्भु दमामी सहित अनेक समाजसेवी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबासाहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का जो मार्ग दिखाया है, उस पर चलकर ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। साथ ही युवाओं से आह्वान किया गया कि वे शिक्षा को अपनाएं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब के आदर्शों पर चलने और समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया। इस भव्य आयोजन ने न केवल रायपुर बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी एक मजबूत सामाजिक संदेश दिया और लोगों में नई ऊर्जा का संचार किया।

## भाजपा ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, दी पुष्पांजलि

**'बाबा साहेब अमर रहें' के नारों से हुआ गुंजायमान**



स्मार्ट हलचल | माण्डलगढ़

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को माण्डलगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। शहर के अंबेडकर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर अमर रहें' के नारे लगाए और उनके द्वारा समाज व राष्ट्र के लिए किए गए योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में विधायक, मण्डल अध्यक्ष अशोक जीनगर, निवर्तमान चेयरमैन संजय कुमार डांगी, पूर्व चेयरमैन विनोद ओस्तवाल, पूर्व मंडी चेयरमैन रतन लाल खटीक, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अर्जुन कुमार ब्रह्मभट्ट व मण्डल महामन्त्री नीलकमल पटवा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इसके अलावा मुकेश व्यास, घनश्याम सोलंकी, अनिता सुराणा, मनोज सनाढय, हरजी रायका, सत्यनारायण सुथार, गोविन्द सोनी, अरविन्द वैष्णव, सुन्दर ब्रह्मभट्ट, अनुराग पाराशर, सतीश खण्डेलवाल, कपिल सोनी, भेरू लाल सालवी, हीरा लाल जीनगर, मदन लाल कटारिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भीलवाड़ा में अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन, 135 किलो का केक काटकर मनाया जन्मोत्सव

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ भव्य आयोजन किया गया। भीलवाड़ा सेवा संस्था एवं अंबेडकर सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में 135 किलो का केक काटकर बाबा साहेब का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम स्थल पर 'जय भीम' के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह उत्साह और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा।

इस अवसर पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन



संघर्ष, उनके सामाजिक योगदान एवं संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए युवाओं से अधिक से अधिक शिक्षित होकर समाज के विकास में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहेब के विचारों–समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व–को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त कर आपसी भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चांदमल डीडवानिया , जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर राकेश खोईवाल, राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने और एक समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

## बाबा साहब की जयंती पर काव्य गोष्ठी में गूंजी कविता की आवाज



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर कोहिनूर सेवा समिति द्वारा नागौरी गार्डन स्थित श्री माहेश्वरी समाज ट्रस्ट में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से बाबा साहब के विचारों और सामाजिक संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

कवयित्री शीला टेलर, अभिषेक कोठारी, राजश्री रतावा व रोनी राज सहित कई कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। इस दौरान शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष छीतर मल गेंगट सहित विभिन्न गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही तथा अंत में आभार प्रदर्शन के साथ आयोजन का समापन हुआ।

## विधायक बैरवा ने बाबा साहेब को किया नमन, दी श्रद्धांजलि



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शाहपुरा में श्रद्धा और सम्मान का भव्य माहौल देखने को मिला। शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहेब के स्मारक पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विधायक डॉ. बैरवा ने बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के माध्यम से देश को नई दिशा प्रदान की। उनके आदर्श आज भी समाज के हर वर्ग को प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैरवा ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और सामाजिक एकता व राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का विश्वास दिलाया। इस दौरान जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान 'बाबा साहेब अमर रहें' के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और अधिक बढ़ गया।

## खजूरी में अंबेडकर जयंती पर निकली वाहन रैली, उमड़ा सैलाब

स्मार्ट हलचल | खजूरी

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर खजूरी गांव में मंगलवार को भव्य वाहन रैली एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

शोभायात्रा प्रारंभ होने से पूर्व बांकरा चौराहे पर बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा ध्वज फहराया गया। इसके बाद डीजे की धुनों और आकर्षक झांकियों के साथ दोपहिया वाहन रैली का शुभारंभ हुआ।

रैली बांकरा चौराहे से शुरू होकर सहकारी समिति, बस स्टैंड सहित गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई अमाल्दा चौराहे पहुंची। यहां से रैली में शामिल लोग



काछोला में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर सरपंच कालू लाल बलाई, रामलाल रेगर, छगनलाल रेगर, भोजूलाल बलाई, मुकेश बलाई, दीपू बलाई, भागचंद धोबी, दुर्गालाल रेगर, रामपाल मीणा, राकेश रेगर, विनोद रेगर, शैतान रेगर, डालू मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर नमन किया

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे में मंगलवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला और उनके सपनों को साकार करने के लिए काम करने का संकल्प लिया।

भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री मोहन सिंह शक्तावत ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि देना एक सम्मानजनक परंपरा है। 14 अप्रैल को बाबासाहेब की जयंती पर संविधान निर्माता को याद किया गया। भाजपा कार्यकर्ता



अक्सर इस दिन प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और सामाजिक समरसता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सादर नमन किया।

### भीलवाड़ा शहर कांग्रेस के 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान को मिला व्यापक जनसमर्थन

# कार्यकर्ताओं का उत्साह ही कांग्रेस की असली ताकत है: शिवराम जीपी खटीक

**युवाओं और सामाजिक संगठनों ने दिखाई सक्रियता, संगठन मजबूती के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा पर जोर**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी, भीलवाड़ा शहर के तत्वावधान में 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान के अंतर्गत रावणा चौक, सांगानेर में एक विशाल एवं ऐतिहासिक जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला, जिससे पूरा क्षेत्र कांग्रेसमय हो गया। कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नगर निकाय चुनावों को टालना लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी, पूर्व मंत्री श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार जनता के अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर जनता को जागरूक करें और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष को तेज करें। जिला सह-प्रभारी कैलाश झालिवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। विधानसभा पर्यवेक्षक गौतम राम स्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह लड़ाई केवल चुनाव की नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने की है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता इस आंदोलन का सिपाही है और जनता के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट कुणाल ओझा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल, नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, मोहम्मद हारून रंगरेज, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. फरियाद मोहम्मद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष हमीद रंगरेज, एससी मोर्चा अध्यक्ष शिवप्रकाश घावरी, अभाव-अभियोग प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेश पारीक, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा हिरण, नगरीय प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रकाश चंद्र ओझा, कैलाश आगाल, वसीम शेख, निसार सिलावट, राजकुमार माली, मंडल प्रभारी भूरालाल रेगर, वरिष्ठजन ओम आगाल, राजेंद्र पाराशर, मंडल अध्यक्ष राधेश्याम भड़ाना, अशोक पारीक, जितेंद्र दरियानी सहित सीनियर मार्गदर्शक गुडवीन मसीह, राजेंद्र जैन, अनिल राठी, मेवाराम खोईवाल तथा जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, पार्षदगण, पूर्व पार्षद, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह ही कांग्रेस की असली ताकत है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस जनसभा से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कांग्रेस और अधिक मजबूती के साथ उभरेगी। अंत में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने तथा लोकतंत्र की रक्षा के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



## महुआ में अंबेडकर की 135 वीं जयंती रैली निकाल मनाई



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** महुआ कस्बे में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती के उपलक्ष में चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।विश्व के महानतम संविधान के निर्माता, महिला, मजदूरों, किसानों, शोषित एवं वंचित वर्ग के लोगों के लिए ताउम्र संघर्ष कर उनके अधिकार दिलाने वाले, देश की अर्थव्यवस्था एवं आधुनिक भारत के जनक, एक महान अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, कानून विशेषज्ञ, सम्पादक, लेखक, और महान शिक्षाविद, बोधिसत्व, महान देश भक्त, सिम्बल ऑफ़ नॉलेज़ हमारे बाबा साहेब भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की 135 वी जयंती पर कस्बे में विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें चैनसुख खटीक ने बताया कि बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया ।भीम आर्मी जिला सचिव चैन सुख खटीक,भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश खटीक महुआ,ब्लॉक अध्यक्ष विकास खटीक,भीम आर्मी मीडिया प्रभारी अनिल रेगर महुआ, ब्लॉक उपाध्यक्ष कालू लाल बलाई, भीम आर्मी ब्लॉक सचिव दिनेश मेघवंशी,कमलेश बैरवा ब्लॉक भीम आर्मी ब्लॉक उपाध्यक्ष कमल बेरवा भीम आर्मी महामंडल महामंत्री राम प्रसाद रेगर हर्षित खटीक सत्यनारायण बलाई, भेरुलाल खटीक, रतन बलाई सहित आदि मौजूद रहे।

## शिव महापुराण कथा स्थल पर माहेश्वरी सभा ने की सेवा, बांटी फ्रूटी



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

तिलक नगर माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा स्थल पर धर्म-कर्म के साथ सेवा कार्यों का दौर भी जारी है। इसी श्रृंखला में तिलक नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा द्वारा शिव भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष सेवा कार्य करते हुए फ्रूटी वितरित की गई।

संस्था के मंत्री राजेंद्र पोरवाल ने बताया कि यह पुनीत कार्य सभा के अध्यक्ष राजेंद्र जागेटिया के सानिध्य में संपन्न हुआ। सेवा कार्य के दौरान कथा पांडाल 'भगवान महेश की जय ', 'गौ माता की जय ', 'चारभुजा नाथ की जय' और 'भारत माता की जय' के उद्घोषों से गूंज उठा। भीषण गर्मी में शीतल पेय (फ्रूटी) पाकर श्रद्धालुओं ने भी प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अवसर पर कमलेश दरगड़, सुनील सोमानी, जगदीश काष्ट, ओम सोमानी, धर्मेन्द्र बसेर, मुरली मनोहर काकाणी, दिनेश तोषनीवाल, बृज किशोर तापड़िया, सत्यनारायण मूंदड़ा, मनोहर झंवर, ओम काबरा, जगदीश सोनी, श्रवण मूंदड़ा, अमर चन्द बांगड़, श्याम बांगड़, सुशील बसेर सहित समस्त पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक अपना सहयोग प्रदान किया।

### भीलवाड़ा के इतिहास में दर्ज हुआ स्वर्णिम अध्याय, मांडल की धरती पर रचा नया इतिहास

## विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी के रक्तदान जागरूकता पखवाड़ा को समापन, मांडल में 1003 तथा अभियान में कुल 3233 यूनिट रक्तदान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मांडल की धरती ने सेवा का एक नया इतिहास रचा है। विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान जागरूकता पखवाड़ा के समापन समारोह में मांडल के सत्य पैलेस में जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस विशाल शिविर में कुल 1003 यूनिट रक्तदान हुआ। वहीं, पिछले 15 दिनों से चल रहे इस जागरूकता पखवाड़े में अब तक कुल 3233 यूनिट रक्तदान का विशाल आंकड़ा पार कर विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी ने पूरे भीलवाड़ा जिले के इतिहास में पहली बार एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शिविर में केवल युवा ही नहीं, बल्कि महिलाओं की भागीदारी भी अभूतपूर्व रही। बड़ी संख्या में महिलाओं ने रक्तदान कर यह सिद्ध कर दिया कि वे मानवता की सेवा में किसी से पीछे नहीं हैं। डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए समाज के हर वर्ग ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा आज विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी ने जो कर दिखाया है, वह भीलवाड़ा के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। 3233 यूनिट रक्त एकत्रित करना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

यह संस्था की मेहनत और लोगों के अटूट विश्वास का परिणाम है। बाबा साहेब ने समाज को जोड़ने का जो सपना देखा था, यह रक्तदान शिविर उसे साकार कर रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री नसीम अखतर, पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह, राजेंद्र त्रिवेदी, विभा माथुर और प्रद्युमन सिंह ने भी संस्था के इस महान कार्य की सराहना की। सोसायटी के सचिव शंकर लाल गाडरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिनों के निरंतर प्रयास का ही नतीजा है कि आज मांडल में 1003 यूनिट का विशाल संग्रह हो सका। हमारा उद्देश्य जिले के रक्त बैंकों में रक्त की कमी को दूर करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी अध्यक्ष ओम नरानीवाल द्वारा की गई। सोसायटी द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर और रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस महाभियान की सफलता पर विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी के समस्त सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और चिकित्सा दल का आभार व्यक्त किया गया।



## संगम किंग्स का दमदार जलवा, खिताब 56 रन से किया अपने नाम

**फाइनल में फैंटम पर भारी पड़ी किंग्स, चेतन चौहान बने हीरो - सुशील सेन को तीन बड़े खिताब**



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** संगम प्रीमियर लीग सीजन-6 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में संगम किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संगम फैंटम को 56 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। मुकाबले में किंग्स का हर विभाग में दबदबा देखने को मिला।

पहले बल्लेबाजी करते हुए संगम किंग्स ने 7 विकेट के नुकसान पर 157 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए सोहिल नाहर ने 47 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि कप्तान बाबू ने 36 रनों का अहम योगदान देकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी संगम फैंटम की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई और पूरी टीम 101 रनों पर सिमट गई। किंग्स की ओर से चेतन चौहान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संगम रॉयल्स के सुशील सेन को 'ऑरेंज कैप', 'मोस्ट सिक्स' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' जैसे तीन बड़े अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं सर्वाधिक विकेट लेने पर शुभम शर्मा को 'पर्पल कैप' से सम्मानित किया गया।

पीआरओ राजकुमार जैन ने बताया कि एसपीएल-6 का शुभारंभ 25 मार्च को हुआ था, जिसमें संगम समूह की 6 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों में खेल भावना, टीमवर्क, अनुशासन और आपसी समन्वय को बढ़ावा देना रहा।

समापन समारोह में संगम समूह के वाइस चेयरमैन डॉ. एस.एन. मोदानी, एमडी अनुराग सोनी, सीईओ प्रणाल मोदानी सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## चार दिवसीय योग शिविर का समापन



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** भारत विकास परिषद शाखा बिजोलिया द्वारा नगर में लगाए गए चार दिन के योग शिविर का आज समापन हुआ

शाखा के सचिव वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा जनजीवन में अपने स्वास्थ्य को प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए भारत विकास परिषद शाखा बिजौलियाँ द्वारा त्रैमासिक योग शिविर का आयोजन किया जाता है । शिविर मे योग शिक्षक- डॉ.डी.एस.मेहर , कन्हैयालाल शर्मा, संजय टांक, भारती सेठिया द्वारा आसन, प्राणायाम तथा ध्यान के द्वारा शरीर को संपूर्ण स्वस्थ रखने का योगाभ्यास करवाया गया।

इस चार दिवसीय योग शिविर में संघ चालक दिलदार सिंह, ओम मेडतिया, मुकेश धनोपिया, डॉ. राजकुमार गौतम, विनोद सेठिया, अरूण गुरूजी, धर्मचंद कुमावत, चंद्रशेखर मेवाड़ा सहित लगभग 65 महिलाओ और पुरूषों ने भाग लिया।

श्री वेद प्रकाश ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा नियमित रूप से प्रतिदिन आदर्श विद्या मंदिर बिजोलिया में प्रातः 5:30 से 6:30 बजे तक योग साधना करवाई जाती है तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 18 जून से 21 जून तक बिजोलिया में भव्य योग शिविर का आयोजन होगा।

## स्कूल में चोरी का खुलासा: 2 चोर समेत माल खरीदने वाले भी गिरफ्तार

**बिजौलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, सरकारी स्कूल से चोरी हुआ कंप्यूटर-लैपटॉप सहित पूरा माल बरामद**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले के बिजौलिया थाना पुलिस ने सरकारी विद्यालय तिलस्वां में हुई चोरी का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी करने वाले 2 आरोपियों के साथ चोरी का माल खरीदने वाले 1 पुरुष और 1 महिला को भी गिरफ्तार कर लिया है। खास बात यह रही कि चोरी गया पूरा सामान भी बरामद कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन और वृत्ताधिकारी बाबूलाल विष्णोई के सुपरविजन में थाना प्रभारी स्वागत पाण्ड्या की टीम ने यह कार्रवाई की।

दरअसल, 8 अप्रैल 2026 को तिलस्वां के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि अज्ञात चोर स्कूल से 2 कंप्यूटर, 1 लैपटॉप, 2 पंखे, 20 स्कूल बैग, 6 हेडफोन और 1 हार्ड डिस्क चोरी कर ले गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी और आसूचना के आधार पर रिजवान उर्फ इरफान (24) निवासी पिपलीपुरा, जिला नीमच (मध्यप्रदेश) और शैतान सिंह उर्फ सोनू (30) निवासी छोटी परलाई, जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया और माल ओमप्रकाश (33) निवासी सलावटिया तथा जनता बाई (48) निवासी कास्या को बेचने की बात कबूली।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों खरीदारों को भी गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि चोरी का माल खरीदना भी गंभीर अपराध है, ऐसे मामलों की तुरंत सूचना पुलिस को दें।




## पुष्कर में अंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** अंबेडकर सेवा समिति की ओर से मंगलवार को अंबेडकर जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।सोमवार को जयंति की पूर्व संध्या पर समिति की ओर से अंबेडकर सर्किल पर दीपदान ओर आतिशबाजी का आयोजन किया गया। डा0 अंबेड़कर को पुष्पांजलि अर्पित की गई। सोमवार को सुबह गाजे बाजे के साथ अंबेडकर सर्किल से मुख्य मार्गो में द्वारा शोभायात्रा कपालेश्वर मार्ग,ब्रह्मा मंदिर, ब्रह्म चोक ,गऊ घाट ,बद्री घाट ,वराह घाट चौक ,माहेश्वरी सेवा सदन ,वी आई पी रोड होते पुनः अम्बेडकर सर्किल पहुंच कर समापन किया शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाज के लोगों ने फूलों की वर्षा कर के भव्य स्वागत किया । शोभायात्रा को जगह जगह जलपान भी कराया गया । डॉ भीमराव अंबेडकर को भाजपा व कांग्रेसियों ने भी याद किया।

# निंबाहेड़ा में वाल्मीकि समाज का भव्य नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

### आंजना ने नवदम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

चित्तौड़गढ़ मेवाड़ वाल्मीकि सेवा चित्तौड़गढ़ एवं प्रगतिशील मेवाड़ वाल्मीकि सेवा संस्था निंबाहेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में दशहरा मैदान,निंबाहेड़ा में वाल्मीकि समाज का प्रथम निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन स्थल पूरी तरह सामाजिक समरसता और उत्साह से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना थे,जबकि समारोह की अध्यक्षता मेवाड़ वाल्मीकि सेवा संस्था चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष राजन कुमार मल्होत्रा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा,नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल,संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख, सेवादल मुख्य प्रशिक्षक पीयूष त्रिवेदी, पूर्व जिला कांग्रेस संगठन महासचिव करणसिंह सांखला,चित्तौड़गढ़ पार्षद विजय चौहान,निंबाहेड़ा अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद मोहम्मद कुरैशी,रोमी पोरवाल,महेंद्र सिंह राठौर मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पारंपरिक मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत हुआ। आयोजन समिति सुखदेव कंडारा, रतन लोट, राजन मल्होत्रा, राजन गावरी, सुनील गावरी, किशन कोटियाना, भेरूलाल नरवले, पप्पू सिंगोलिया, संजय प्रतापगढ़, विजय चौहान पार्षद चित्तौड़गढ़ एवं रमेश बारावरदा एवं समाजजनों द्वारा अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। साथ ही पूर्व मंत्री आंजना सहित अन्य अतिथियों ने वाल्मीकि समाज के भामाशाहों संजय लोट सावा,छोटूलाल आदिवाल, राजेंद्र गावरी निंबाहेड़ा, सालिगराम छत्रपति, चित्तौड़गढ़, राजू चावरिया दरीबा, नरेंद्र आर्य तथा स्वर्गीय राजमल जी चौहान परिवार का भी सम्मान किया, श्यामलाल पांडोली, सुरेश घारू, आशा मल्होत्रा एवं शेखर चंनाल इत्यादि का साफा पहना एवं बाबा साहब अंबेडकर की तस्वीर बैठकर सम्मान किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि उदयलाल आंजना ने वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित इस प्रथम निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि 'इस प्रकार के सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक एकता और आपसी सहयोग की मिसाल होते हैं। इससे समाज में अनावश्यक खर्चों पर रोक लगती है और जरूरतमंद परिवारों को संबल मिलता है। वाल्मीकि समाज ने आज जो पहल की है, वह निश्चित ही प्रेरणादायक है और आने वाले समय में अन्य समाजों के लिए भी अनुकरणीय बनेगी।' आंजना ने कहा कि सभी समाजों को समय-समय पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करते रहना चाहिए जिससे समाज में एकता का भाव उत्पन्न होता है। मेने भी अपनी सबसे बड़ी बेटी का विवाह सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही किया था, साथ ही तभी से समय-समय पर सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन, आदिवासी सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसी गतिविधियां करता आया हूं ताकि सभी समाजों में आपसी प्रेम बढ़े। आंजना ने आगे समस्त समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा 'डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब के विचार हमें समानता, शिक्षा और संगठन की राह दिखाते हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में भाईचारा, शिक्षा का प्रसार और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। एकजुट समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव रखता है।' उन्होंने सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंध रहे सभी वर-वधुओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की तथा नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही आंजना ने विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का इस सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के मुकेश धाकड़,संजय उपाध्याय,आशुतोष टांक सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया।



## बाइक व स्कूटी की भिड़ंत में एक की मौत

मार्ट हलचल

**महुवा।** बीकानेर आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित समलेटी गांव के समीप बाइक व स्कूटी की भिड़ंत में एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। ड्यूटी ऑफिसर लखन सैनी ने बताया कि समलेटी गांव पर स्कूटी और बाइक भिड़ंत में फूलवती पत्नी कैलाश सहाय मीणा निवासी मंडेरु थाना टोडाभीम गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सपोर्ट कर दिया।

# 16 साल की उम्र में खुद ने प्रशासन से गुहार लगा रूकवाई अपनी शादी

स्मार्ट हलचल|बूंदी



अक्षय तृतीया पर जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ बेटियों की बढ़ती जागरूकता और प्रशासन की सक्रियता के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं. हाल ही में सामने आए दो अलग-अलग मामलों में एक 16 वर्षीय बालिका ने स्वयं आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाया, जबकि प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए दो अन्य नाबालिग बालिकाओं का विवाह समय रहते रुकवाकर उन्हें संरक्षण प्रदान किया।

चाइल्डलाइन जिला समन्वयक रामनारायण गुर्जर ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र की एक 16 वर्षीय बालिका, जो कक्षा 12वीं में अध्ययनरत है, ने अपने साहस और दृढ़ निश्चय से समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है. बालिका का विवाह आगामी 1 मई को सम्मेलन में तय किया गया था, लेकिन उसने स्पष्ट रूप से विवाह से इंकार करते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखने की इच्छा जताई. सूचना मिलते ही चाइल्डलाइन टीम और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे. टीम ने बालिका से संवाद कर उसकी इच्छा को प्राथमिकता दी और बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार उसे शेल्टर होम में सुरक्षित प्रवेश दिलाया गया. यहां उसकी शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

अब तक चौथा मामलाः बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में यह चौथा मामला है, जब किसी बालिका ने खुद आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाया है. यह दर्शाता है कि बूंदी जिले में बेटियों के बीच शिक्षा के प्रति लगाव और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ रही है. रायथल तहसीलदार नरोत्तम मीणा ने बताया कि थाना रायथल क्षेत्र में भी प्रशासन ने सतर्कता और तत्परता का परिचय दिया. 20 अप्रैल को दो नाबालिग बालिकाओं और एक नाबालिग बालिका का विवाह प्रस्तावित होने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई की, 40 साल के व्यक्ति से तय की नाबालिग की शादी, बालिका ने घर से भागकर प्रशासन से लगाई गुहार, बेचने का भी लगाया आरोप।

### शेल्टर होम में रखा सुरक्षित

तहसीलदार नरोत्तम मीणा, थानाधिकारी हरलाल मीणा और रामनारायण गुर्जर, बुद्धि प्रकाश, मनजीत कौर, रवि कुमार एवं अर्चना मीणा ने संयुक्त रूप से साक्ष्य संकलित कर विवाह को रुकवाया. जांच में दोनों बालिकाओं की आयु 17 वर्ष और 15 वर्ष पाई गई, जबकि बालक की आयु 18 वर्ष थी. रामनारायण गुर्जर ने बताया कि दोनों बालिकाएं अभी अध्ययनरत हैं. एक कक्षा 10वीं में और दूसरी कक्षा 12वीं में पढ़ रही है. बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार उन्हें शेल्टर होम में सुरक्षित रखा गया है, जहां मजिस्ट्रेट की निषेधाज्ञा जारी होने तक उनकी देखभाल की जाएगी।

# नरेश मीणा ने मूर्ति स्थापना को दिए 51 हजारः दूनी में बाबा साहेब जयंती पर की घोषणा, जनसैलाब उमड़ा

स्मार्ट हलचल



**घाड़ (देवली)।** दूनी नगरपालिका क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह में भगतसिंह सेना के सुप्रीमो नरेश मीणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जिनका स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने स्वागत किया।

जयंती के उपलक्ष्य में दुणजा माता मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मुख्य बाजार से होते हुए खेल मैदान तक पहुँची। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ड्रोन से की गई पुष्प वर्षा रही। डीजे की धुन पर युवा थिरकते दिखे और बाबा साहेब के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

अपने संबोधन में नरेश मीणा ने बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने दूनी नगरपालिका क्षेत्र में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए समिति को 51,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस अवसर पर आदर्श मीणा समाज विवाह समिति के कार्यकर्ता राकेश मीणा सतवाड़ा ने नरेश मीणा को आगामी 1 मई को आयोजित होने वाले मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का निमंत्रण दिया। नरेश मीणा ने यह निमंत्रण स्वीकार किया।

मंच पर नरेश मीणा ने अपने संगठन के कार्यकर्ता अविनाश मीणा का जन्मदिन भी मनाया। उन्होंने अविनाश मीणा को माला पहनाई और केक खिलाकर बधाई दी। इस कार्यक्रम में घाड़ कस्बे, दूनी नगरपालिका सहित आस-पास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सुरक्षा और व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ।

# धमाकों के बीच हादसा, जले वाहन

### जान जोखिम में डालकर वाहन निकालते रहे ड्राइवर

स्मार्ट हलचल|बूंदी



जिले के इंदगढ़, कोटा-लालसोट मेगा हाईवे पर मंगलवार रात एक बड़ा हादसा होते -होते टल गया जब प्लास्टिक रील से भरा एक भारी वाहन अचानक भीषण आग की चपेट में आकर धू-धू कर जल उठा। घटना रात करीब 8 बजे लाखेरी और इंद्रगढ़ के बीच भूरे कुआ बाबा की दरगाह से कुछ दूरी पर इंद्रगढ़ की ओर हुई। आग लगते ही चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई लेकिन कुछ ही पलों में वाहन तेज धमाकों और आसमान छूती लपटों के साथ जलने लगा। हालात इतने भयावह थे कि जलते वाहन के पास से गुजरना मौत को दावत देने जैसा था। फिर भी मजबूरी में ड्राइवर अपनी जान जोखिम में डालकर अपने वाहन निकालते रहे। करीब 20 मिनट तक मौके पर न पुलिस पहुंची और न ही दमकल, जिससे हालात और खतरनाक हो गए। घटना स्थल के दोनों ओर जंगल होने के कारण आग के फैलने का खतरा भी लगातार बना रहा। सूचना मिलने के बाद वन विभाग और इंद्रगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात रोक दिया गया जिससे दोनों ओर सैकड़ों ट्रकों की लंबी कतार लग गई। बताया जा रहा है कि उस समय दमकल की गाडी गोहटा क्षेत्र में आग बुझाने गई हुई थी। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। वाहन चालक ने बताया चलते वाहन में आग लगी थी। यह घटना कई बड़े सवाल खड़े करती है कि आखिर हाईवे पर आपातकालीन सेवाएं इतनी देर से क्यों पहुंची। क्या इस मेगा हाईवे पर सुरक्षा और त्वरित राहत की व्यवस्था सिर्फ कागजों तक सीमित है?

# बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया 5 लाभार्थियों को मिले कन्यादान योजना के चेक

स्मार्ट हलचल|बूंदी

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा और कार्यवाहक जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने शिरकत की।

समारोह का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा साहेब की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना गया। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों को भारतीय संविधान की शपथ दिलाई। अपने विस्तृत उद्बोधन में उन्होंने बाबा साहेब की जीवनी, उनके संघर्षों और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं, जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना) का पाठन किया।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने जिला स्तरीय 'अम्बेडकर सेवा पुरस्कार' के विजेता महावीर जी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर समरसता समिति के अध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए 'मुख्यमंत्री कन्यादान योजना' के तहत 5 लाभार्थियों को अनुदान राशि के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में समाजसेवी के.सी. वर्मा, चंद्रप्रकाश सेठी सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रबुद्धजन और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्पित जैन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, अधिकारियों और शहरवासियों का आभार (धन्यवाद) ज्ञापित किया।

# संविधान निर्माता भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई



स्मार्ट हलचल|बूंदी

शहर के लंका गेट रोड स्थित अंबेडकर सर्किल पर आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी की अगुवाई में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने गगन बेदी नारों का उद्घोष किया।

सहसंयोजक अभिषेक जैन ने बताया कि इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, कुंज बिहारी बिल्या, जिला महामंत्री संजय लाठी, जिला संयोजक पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, पूर्व उप जिला प्रमुख आशा मीणा, पूर्व सभापति सरोज अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री मोहन कराड, जिला सहसंयोजक राजेश शेरगडया, शहर महामंत्री गौरव वर्मा, संजय भूटानी, शहर उपाध्यक्ष रमेश हाडा, हेमंत मीणा, पूर्व शहर अध्यक्ष महावीर खंगार, पूर्व उपसभापति संतोष कटारा, सहसंयोजक कमलेश रेगर, एसी मोर्चा शहर अध्यक्ष कुलवंत सिंह नायक, शहर मंत्री दिलीप सिंह, अनिल जांगिड़, नवीन चतुर्वेदी, उमेश आर्य, चुन्नीलाल चंदोलिया, सोशल मीडिया संयोजक मुकेश सोमानी आईटी संयोजक अर्चना जैन,जनसंख्या फाउंडेशन शहर अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व पार्षद पेंशु सिंह, अजय त्यागी, महिला मोर्चा जिला मंत्री कमलेश सक्सेना, पूनम, पूर्व पार्षद करण शंकर सैनी, भंवर टेलर, जमुना शंकर, भोला गुर्जर, महेश जैन, महावीर सैनी, आशु गुर्जर सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सवाई माधोपुर एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी की अनूठी पहल

# अपने या परिजनों के जन्मदिन पर अवकाश ले सकेंगे पुलिसकर्मी

स्मार्ट हलचल|जयपुर



पुलिस की नौकरी की कठिन ड्युटी और तनावपूर्ण माहौल के बीच सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी पूरे महकमे में चर्चा हो रही है। एसपी ने पुलिसकर्मियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अब उनके स्वयं के जन्मदिन, पत्नी, बच्चों और माता-पिता के जन्मदिन के विशेष अवसर पर आवेदन किये जाने पर आकस्मिक अवकाश देने का निर्णय लिया है।

एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यदि कोई पुलिसकर्मी अपने या अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन पर अवकाश के लिए आवेदन करता है, तो उसे अनिवार्य रूप से स्वीकृत किया जाएगा। अक्सर पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी की व्यस्तता के कारण परिवार के महत्वपूर्ण क्षणों का हिस्सा नहीं बन पाते थे, जिससे उनमें मानसिक तनाव और अलगाव की स्थिति पैदा होती थी। इस नई व्यवस्था से न केवल पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि वे अधिक ऊर्जा और प्रसन्नता के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर सकेंगे।

### एएसआई से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक को लाभ

इस मानवीय पहल का लाभ महकमे के सबसे निचले स्तर तक पहुँचाया गया है। इसमें कांस्टेबल से लेकर सहायक उप निरीक्षक तक के पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। साथ ही पुलिस विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा। ल

### चर्चा का विषय बनी सवाई माधोपुर पुलिस की संवेदनशीलता

सवाई माधोपुर पुलिस की इस पहल को पुलिसिंग में ह्यूमन टच के रूप में देखा जा रहा है। एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी की इस पहल की सोशल मीडिया और आमजन के बीच भी खूब सराहना हो रही है।

# अम्बेडकर जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए



स्मार्ट हलचल|ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वी जन्म जयंती पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने सांवरिया विश्रांति गृह के पास किला रोड प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण किया एव बाबा साहब द्वारा देश के लिए किए गए सराहनीय कार्यों को याद किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। समाज के हर वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। प्रतिमा स्थल पर उन्होंने जय जय जय भीम के नारे लगाए एवं हाथ में बाबा साहेब की तस्वीर लिए लोगों के साथ झूम उठे।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, उप सभापति कैलाश पंवार, विधानसभा चुनाव प्रभारी नगेंद्र सिंह राठौड़, प्रवक्ता नवरतन जीनगर, एससी विभाग प्रदेश महासचिव गणेशलाल जाटोलिया, ओबीसी जिलाध्यक्ष गेहरूगिरी गोस्वामी एससी जिला अध्यक्ष राकेश घारू, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नितिन वर्मा, एससी विभाग प्रदेश सदस्य रामेश्वर बैरवा, नरेंद्र विजयवर्गीय, एडवोकेट अभिषेक गर्ग, मनीष चांवला, आशीष आगाल, रामेश्वर माली, दौलतराम पिंगोलिया, प्रभु रैगर सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय कोटा समाज में शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक -शांति धारीवाल

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** श्री मीना समाज विकास समिति, कोटा द्वारा संचालित श्री मीना सामुदायिक भवन एवं अतिथिगृह, श्रीनाथपुरम के द्वितीय एवं तृतीय तल का लोकार्पण आज मुख्य अतिथि पूर्व नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्री शांति धारीवाल के करकमलों द्वारा किया गया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए श्री धारीवाल ने कहा कि रानपुर स्थित जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय मीना समाज में शिक्षा के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने समाज के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज का वास्तविक उत्थान संभव है।

उन्होंने अपने संबोधन में मीना समाज से अपने पुराने जुड़ाव का उल्लेख करते हुए बताया कि उनका यह संबंध उनके जन्म से पूर्व का है। उन्होंने अपने परिवार से जुड़े श्री जगन्नाथ मीना (ग्राम ढोटी) का स्मरण करते हुए कहा कि उनके परिवार में मीना समाज के प्रति हमेशा आत्मीयता और विश्वास का भाव रहा है। उन्होंने कहा कि मीना समाज के लोगों में ईमानदारी, वफादारी, विश्वसनीयता और कर्तव्यनिष्ठा जैसी विशेषताएं सदैव देखने को मिलती हैं।

धारीवाल ने बताया कि उनके प्रयासों से विश्वविद्यालय निर्माण हेतु 75 बीघा भूमि का आवंटन किया गया था तथा सुल्तानपुर छात्रावास के लिए भी निशुल्क भूमि उपलब्ध कराई गई।


कार्यक्रम के दौरान हाड़ौती आदिवासी मीना सामाजिक सुधार संघ, कोटा में संभागीय अध्यक्ष के रूप में समाज उत्थान हेतु उल्लेखनीय कार्य करने पर श्री रामस्वरूप मीना का माला पहनाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के निर्माण में आर्थिक सहयोग देने वाले 100 से अधिक भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष श्री आर.डी. मीना, श्री रामचरण मीना, पूर्व जिला प्रमुख बारां श्री भरत मारन, पूर्व जिला प्रमुख कोटा श्रीमती कमला मीना, नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष बारां श्री हंसराज मीना, पूर्व आईपीएस श्री बालमुकुंद वर्मा, श्री दुर्गाशंकर मीना, श्री नरेंद्र मीना, श्री हेमराज मीना, पूर्व आरएएस श्री बंशीलाल मीना, श्री मांगीलाल मीना, श्री बत्तीलाल मीना, श्री लक्ष्मीनारायण मीना सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चोरों ने फिर पुरानी स्टाइल में दिया वारदात को अंजाम, ले उड़े नकदी

स्मार्ट हलचल |लाखेरी



कस्बे में सोमवार रात बॉटम लेवल बाजार स्थित जैन ट्रांसपोर्ट की दुकान में चोरों ने धावा बोल दिया। चोर पीछे से दीवार में जगह बनाकर अंदर घुसे और अलमारी से करीब 1 लाख 54 हजार पार कर फरार हो गए। सुबह दुकान मालिक के दुकान खोलने पर वारदात का पता चला दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी और रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की, मामले की कार्यवाही करने में जुटी। चोर पीछे की तरफ से अंदर घुसे जिससे मुख्य मार्ग पर रात्रि के समय में पता नहीं चला, इससे पहले भी चुंगी नाका स्थित साईकिल की दुकान में भी चोर दीवार में लगे जगंले को हटाकर नकदी चोरी कर ले गए थे। फिर चोरों ने उसी स्टाइल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कस्बे में लगातार बढ़ रही चोरियों की घटनाओं को लेकर आमजन एवं व्यापारीयों में रोष व्याप्त है।करीब चार पांच दिन पहले भी नयापुरा स्थित लाइट की दुकान में चोरी हो गई थी। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरियों की घटनाओं से भय व्याप्त है।

# श्रमण संस्कृति महिला मंडल का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से संपन्न



स्मार्ट हलचल|कोटा

श्रमण संस्कृति महिला मंडल का स्थापना दिवस समारोह तलवंडी स्थित एक निजी स्थान पर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत शारदा कोठारी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मंडल की अध्यक्ष रूपल नगेदा ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्याओं का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में चंदन एवं नम्रता द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण ने वातावरण को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात मंत्री रेखा गोधा ने मंडल के पिछले दो वर्षो के कार्यकाल का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी साझा की।समारोह का संचालन मोना मडिया द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। आयोजन के दौरान अर्चना, मधु गोधा, किरण, मोनिका एवं मीना अग्रवाल द्वारा मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिससे उपस्थित सदस्याओं में उत्साह और आनंद का माहौल बना रहा।इस अवसर पर तारा लुहाड़िया, सरला बड़जात्या, मृदुला जैन, मिथिलेश गोयल, प्रेम गंगवाल सहित लगभग 80 सदस्याओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सफल आयोजन पर सभी सदस्याओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# सूरौठ में बैंड बाजों एवं आकर्षक झांकियों के साथ निकाली डा अंबेडकर शोभायात्रा, विचार गोष्ठी आयोजित कर जीवनी पर डाला प्रकाश

स्मार्ट हलचल|सूरौठ



कस्बा सूरौठ में जाटव समाज की ओर से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कस्बे में बैंड बाजों एवं आकर्षक झांकियां के साथ अंबेडकर शोभा यात्रा निकाली गई। हिंडौन बयाना मार्ग स्थित अंबेडकर आश्रम में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की मुख्य अतिथि करौली की पूर्व प्रधान एवं करौली धौलपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रही इंदु देवी जाटव थी तथा अध्यक्षता डॉ अंबेडकर जयंती समारोह के अध्यक्ष मोहर सिंह ठेकेदार ने की। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने डॉ अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला।

जयंती कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं पंच पटेलों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप जलाकर की। कार्यक्रम में अतिथियों का साफे, मालाएं व सोल पहनाकर तथा अंबेडकर दुपट्टा उढा कर सम्मान किया गया। इसी तरह जाटव समाज के 14 पटेलों को नीला साफा पहनाकर तथा सर्व समाज के लोगों को जय भीम का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। शोभा यात्रा को मुख्य अतिथि इंदु जाटव ने हरी झंडी दिखाकर विधिवत रूप से रवाना किया।

शोभायात्रा अंबेडकर आश्रम से शुरू हुई तथा बस स्टैंड, बाजार, मुख्य चौराहे, पुलिस चौकी सर्किल, मस्जिद चौराहा, मरघट तिराहा, सब्जी मंडी सर्किल सहित प्रमुख मार्गो से होती हुई अंबेडकर आश्रम पहुंची। शोभायात्रा में डॉ भीमराव अंबेडकर, छत्रपति शाहूजी महाराज, महात्मा बुद्ध, संत रविदास सहित कई झांकियां शामिल रही। शोभा यात्रा का बाजार एवं प्रमुख मार्गो पर सर्व समाज के लोगों ने अभिनंदन किया।

जयंती समारोह कार्यक्रम में जाटव समाज के तहसील अध्यक्ष परसादी बाबू, जिला जाटव समाज सुधार समिति के पूर्व तहसील अध्यक्ष सतेंद्र जाटव, पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत, विशन महावर, कांग्रेस के प्रदेश सचिव राजीव शुक्ला, सैनी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष मोहर सिंह सैनी, कांग्रेस के ब्लॉक प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, महादेव जांगिड़, रामेश्वर ठेकेदार, पुरुषोत्तम जाटव, नीरज जाटव, रजनीश मीणा, केदार मीणा, दौलत मीणा, बाबू माली, राहुल भाई, बाबू भंडारा, वेद प्रकाश शर्मा, रामावतार शर्मा, कमलेश महावर, बाबू खान, जहीर खान, राम सिंह करू, गुरु दत्त सरस,, राम सिंह डायरेक्टर, श्रीफल ठेकेदार, पप्पू मेंबर, सुनील सरस, अविनाश जाटव, अशोक जाटव, डॉ खलील खान, फजला खान, जांगिड़ समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम जांगिड़, राम सिंह जय गुरुदेव सहित काफी संख्या में सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन घोटाला: पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल को फिर दो दिन की रिमांड पर भेजा

## पूर्व सीएस पंत का लिया नाम

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** जल जीवन मिशन घोटाले के मामले में आरोपी पूर्व आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल को सोमवार को एसीबी ने कोर्ट में पेश किया। इस दौरान एसीबी ने उनसे पूछताछ के लिए तीन दिन की रिमांड की मांग की, जिसका बचाव पक्ष ने कड़ा विरोध किया। इसके बाद कोर्ट ने आगे की कार्रवाई और पूछताछ के लिए दो दिन की रिमांड मंजूर की है।



### बचाव पक्ष की दलील

सुबोध अग्रवाल के वकील ने कोर्ट में कहा कि रिमांड प्रार्थना पत्र की कॉपी उन्हें नहीं दी गई है, जबकि कानून के अनुसार आरोपी को यह दस्तावेज उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि वह अपना सही बचाव कर सके।

### एसीबी का पक्ष

एसीबी की ओर से वकील ने दलील दी कि रिमांड आवेदन केस डायरी का हिस्सा होता है, इसलिए इसकी कॉपी देना जरूरी नहीं है।

### कोर्ट की कार्यवाही

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने एसीबी को अपने तर्क के समर्थन में कानूनी प्रावधान या आदेश पेश करने के लिए 15 मिनट का समय दिया।

### सुबोध अग्रवाल का बयान

कोर्ट में पेशी के दौरान सुबोध अग्रवाल ने मीडिया से कहा कि उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है और एसीबी के सभी सवालों के जवाब दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि फाइनेंस कमेटी के 37 मामलों में से केवल 4 मामले उनसे जुड़े हैं, जबकि बाकी 33 मामले पूर्व अधिकारियों के कार्यकाल के हैं, जिनमें करीब 600 करोड़ रुपये का मामला शामिल है।

अग्रवाल ने यह भी आरोप लगाया कि जिन मामलों में वास्तविक भुगतान और गबन हुआ है, उनकी जांच पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गलत मामलों को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है, जबकि असली गड़बड़ी वाले मामलों की जांच नहीं हो रही है। सुबोध अग्रवाल ने कहा, 'मैंने पूछताछ में पूरा सहयोग किया है। जो भी सवाल मुझसे पूछे गए, मैंने बता दिए। फाइनेंस कमेटी के 37 प्रकरणों में से 4 मेरे हैं। बाकी 33 सुधांश पंत के समय के हैं, जिसमें 600 करोड़ का मामला है। मैंने एसीबी से बार-बार कहा कि जिसमें पैसा नहीं दिया गया उसका नाम ले रहे हो, उसकी जांच कर रहे हो। जिसमें पैसा देकर गबन हुआ उसकी जांच नहीं कर रहे। '

# ख़बर का असर: मेड़ता रोड में यातायात व्यवस्था सख्त

## रात 10 बजे के बाद ही कस्बे में प्रवेश करेंगे भारी वाहन

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** कस्बे में बढ़ती भीड़, यातायात जाम और लगातार हो रहे हादसों को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। अब रात 10:00 बजे से पहले किसी भी भारी और ओवरलोड वाहन को कस्बे में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह मुद्दा हमारे मेड़ता रोड संवाददाता एजाज़ अहमद उस्मानी द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था। खबर के प्रसारण के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और तुरंत प्रभाव से नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। मेड़ता रोड थाना अधिकारी दयानंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिन में आम लोगों की आवाजाही काफी बढ़ जाती है, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनती है। ऐसे में भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करना जरूरी हो गया था। उन्होंने बताया कि रात 10:00 बजे से पहले कस्बे में प्रवेश करने वाले भारी और ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों को जब्त भी किया जाएगा और संबंधित चालकों के खिलाफ कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस प्रशासन के इस कदम से कस्बे में यातायात व्यवस्था सुचारु होने और हादसों पर नियंत्रण मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए मेड़ता रोड संवाददाता एजाज़ अहमद उस्मानी का आभार जताया है और इसे मेड़ता रोड पुलिस द्वारा जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया है।

# संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

## विधायक राजेंद्र मीणा ने प्रतिभाओं का किया सम्मान



स्मार्ट हलचल

**महुआ।** महुवा उपखंड मुख्यालय पर सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज के जन्म दिवस पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मैं संत शिरोमणि सेन महाराज की झांकी के साथ बैंड बाजा व कलश यात्रा के साथ महुवा के मुख्य बाजार होते हुए पुरानी तहसील रोड स्थित अग्रवाल सेवा सदन पहुंची।

जहां विधायक राजेंद्र मीणा ने अग्रवाल सेवा सदन, महुवा में सैन समाज द्वारा आयोजित संत शिरोमणी सैन महाराज जी की जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की।

इस पावन अवसर परविधायक राजेंद्र मीणा द्वारा सैन समाज के सम्मानित जनों से संवाद करते हुए संत सैन महाराज के आदर्शों–समरसता, सेवा और सद्भाव–को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। उनका जीवन हमें समाज में समानता और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है।

इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने सेन समाज के प्रतिभावान प्रतिभाओं युवाओं का सम्मान करना अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान होती है वही समझ में एकता आती है।

इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य नागरिक भामाशाह महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे।

# दर्रा बालाजी मंदिर: नींव के पत्थर की बोली ऑनलाइन लगेगी, नवनिर्माण को लेकर अहम बैठक में हुआ फैसला

स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली)।** घाड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दर्रा बालाजी चारनेंट में मंदिर के नवनिर्माण कार्य को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मोहन लाल मीणा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मंदिर निर्माण प्रक्रिया को गति देने के लिए कई अहम प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से मुहर लगाई गई।

बैठक में मंदिर के नवनिर्माण कार्य का टेंडर जारी करने के लिए एक विशेष पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति गिर्राज विजयवर्गीय (टोंक) के नेतृत्व में कार्य करेगी, जिसमें मोहन लाल मीणा, रायसाब गुर्जर और शिवजी लाल फौजी जैसे सदस्य शामिल हैं। समिति द्वारा जल्द ही निर्माण कार्य का आधिकारिक टेंडर जारी किया जाएगा।



एक अनूठे निर्णय के तहत, नींव शिलान्यास के मुहूर्त पत्थर की बोली ऑनलाइन माध्यम से लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। सकल पंचों के लिए शुरुआती बोली 21,000 रुपये निर्धारित की गई है।

यह बोली प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 को सुबह 9:15 बजे से सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से शुरू होगी और 23 अप्रैल 2026 को दोपहर 1:00 बजे तक जारी रहेगी। सफल बोलीदाता को उसी दिन शाम 5:00 बजे तक संपूर्ण राशि जमा करवानी अनिवार्य होगी।

नींव मुहूर्त के कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस शुभ अवसर पर बालाजी महाराज को 125 किलो शुद्ध देसी घी के लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों और भक्तों ने मंदिर निर्माण को लेकर भारी उत्साह दिखाया।

अगली बैठक 21 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें नींव मुहूर्त को भव्य रूप देने पर चर्चा होगी। इसके अतिरिक्त, चारनेट, कोटड़ा, बहलडी, गैरोटी, इंदौदा, आगरिया के समस्त सरकारी कर्मचारियों से कम से कम 11,000 रुपये की रसीद कटवाने का प्रस्ताव भी अनुमोदित किया गया।

आज की बैठक में सचिव लड्डू लाल मीणा, मोहन लाल मीणा, किस्तूर चंद माट, रायसाहब गुर्जर, महावीर गुर्जर, छोटू लुहार, लादू सैन, शंकर बैरागी, रामलाल मांट, सोजी लाल, जमना लाल मीणा फौजी और आत्माराम मीणा सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थत रहे।

## सीबीएसई के परिणाम अप्रैल में संभावित

# 10वीं के छात्रों को टू-एग्जाम पॉलिसी से मिलेगा दूसरा मौका




स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड इस वर्ष सत्र 2025-26 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम 20 से 25 अप्रैल के बीच जारी कर सकता है। यदि ऐसा होता है, तो यह पहली बार होगा जब सीबीएसई अपने बोर्ड परीक्षा परिणाम अप्रैल माह में घोषित करेगा।

अब तक बोर्ड आमतौर पर मई या उसके बाद परिणाम जारी करता रहा है, लेकिन इस बार प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य लगभग समाप्त हो चुका है और वर्तमान में 'मार्क्स फीडिंग' का काम अंतिम चरण में है। इसके पूरा होते ही परिणाम जारी करने की औपचारिक घोषणा की जा सकती है। छात्र अपने परिणाम सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट, डिजिलॉकर और उमंग ऐप के माध्यम से देख सकेंगे।

### छात्रों को मिलेंगे दो अवसर

इस बार सीबीएसई ने 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव भी किया है। 'टू-एग्जाम पॉलिसी' के तहत विद्यार्थियों को दो अवसर दिए जाएंगे। इसका अर्थ है कि जो छात्र पहली परीक्षा में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होंगे, वे दोबारा परीक्षा देकर अपने अंक सुधार सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम करना और उन्हें सुधार का अवसर देना है।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह नीति छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी और असफलता के डर को कम करेगी। वहीं, छात्रों और अभिभावकों में रिजल्ट को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है।

# संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर सांगोद कांग्रेस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** आज नगर कांग्रेस कमेटी सांगोद द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक विशेष विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

गोष्ठी के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला:

नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत, नगर प्रभारी जगदीश नागर एवं जिला कांग्रेस सचिव अफसार प्रधान, सत्तार भाई मंसुरी, पूर्व पार्षद बृजमोहन रेगर, पूर्व पार्षद सलीम अंसारी, पूर्व नगर कोषाध्यक्ष मुसव्विर खान ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान ही हमारे देश की आत्मा है। इसी संविधान की बदौलत आज देश का हर नागरिक लोकतांत्रिक शक्तियों का उपयोग कर पा रहा है। डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से महिलाओं को समाज में बराबरी का हक और सुरक्षा प्रदान की। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब ने समाज के हर तबके, विशेषकर वंचितों और शोषितों को मुख्यधारा में लाने के लिए जो अधिकार दिए, देश उसके लिए सदैव उनका ऋणी रहेगा।



'डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार हैं। उनके द्वारा निर्मित संविधान से ही आज हमारा लोकतंत्र सुरक्षित और जीवंत है। '

इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष शांतिलाल सुमन, नगर उपाध्यक्ष शहजाद खान, नगर संगठन महासचिव निरंजन जैन, नगर महासचिव दिलीप सेन, धनराज मीणा फौजी, पूर्व पार्षद रघुवीर मीणा, ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहम्मद इब्राहिम, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अंकुश शर्मा, धनराज मीणा, दीनदयाल मालव, नगर सचिव इकबाल सिंगीवाला, नगर सचिव युसूफ अली, सिद्धार्थ मीणा, नगर सचिव हिमांशु नागर, सुरेंद्र बागड़ी, सलीम भाई, चांद भाई, जाकिर हुसैन टिल्लू, मंजूर भाई मिस्त्री, डा इलियास अंसारी, शौकत अली ठेकेदार, देवकिशन गुर्जर, शुभम, विष्णु प्रसाद सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भीम अनुयायियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई



स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती समारोह पलाई कस्बे में धूमधाम से मनाया गया।

सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर ब्लॉक कांग्रेस मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद धाकड़ ने माला अर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की, अंबेडकर जयंती पर पलाई नवयुवक मंडल के तत्वाधान में डीजे के साथ गांव के मुख्य मार्गों होकर भव्य रैली निकाली गई, रैली का ग्रामीणों ने जगह जगह पुष्प वर्षा व आतिशबाजी से स्वागत किया, रैली अंबेडकर सर्किल से रैगर, बैरवा बस्ती, मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड, नगरफोर्ट चौराहा होकर वापिस अंबेडकर सर्किल पहुंची।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश धाकड़, हरिनारायण वर्मा, धर्मराज मीणा, रामस्वरूप रैगर, कन्हैया लाल, मुकेश कुमार, बद्री लाल, किशन लाल सहित कई भक्तों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव जी अंबेडकर की जीवनी पर विशेष प्रकाश डाला,पुष्पांजलि में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश धाकड़, हरिनारायण वर्मा, धर्मराज मीणा, रामस्वरूप रैगर, कन्हैयालाल, मुकेश कुमार, सहित सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में पलाई क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारी/कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिक गण व ग्रामीण सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण में बरती गई धांधली के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल | सूरौठ

कस्बा सूरौठ से गांव भुकरावली तक एक करोड़ पैंतीस लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क निर्माण के कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने कलेक्टर एवं पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों से सड़क निर्माण में की जा रही धांधली की जांच करवाने की मांग की। कस्बे के काफी लोग भुकरावली रोड पर एकत्रित हुए तथा विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने बताया कि सूरौठ से भुकरावली तक सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से सड़क निर्माण करवाया जा रहा है। आबादी क्षेत्र में सीसी सड़क तथा गैर आबादी क्षेत्र में डामर सड़क बनाई जा रही है। ठेकेदार की ओर से सड़क निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। कहीं तो सड़क को ऊंचा किया जा रहा है तथा कहीं सड़क नीची बनाई जा रही है। जिससे भविष्य में सड़क पर जल भराव रहने की संभावना रहेगी। लोगों ने निर्माण कार्य की जांच करवाने की मांग की है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं वर्षगांठ पर जयंती का हुआ आयोजन

स्मार्ट हलचल

**वैर।** अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा खंड वैर के द्वारा समरसता कार्यक्रम स्थान राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर में डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं वर्षगांठ पर सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में तथा मुख्य अतिथि मनमोहन शर्मा प्रधानाचार्य जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं योगेश कुमार व्याख्याता रहे। अतिथियों ने मां शारदे एवं डॉ भीमराव अंबेडकर की चित्र पर पुष्प दीप एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई सर्वप्रथम योगेश कुमार बर्मा व्याख्याता द्वारा समरसता कार्यक्रम में भीमराव अंबेडकर के जीवन परिचय पर विस्तृत जानकारी दी तथा उनके पद चरणों पर चलने का आवाह्न किया मुख्य अतिथि मनमोहन शर्मा प्रधानाचार्य द्वारा संगठन की रीति नीति एवं शिक्षक हितों में संघ के द्वारा किए जाने वाले वर्ष पर्यंत कार्यों व सदस्यता अभियान पर विस्तार से अपना पाथेय प्रदान किया उसके बाद में अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों का अभिवादन कर कार्यक्रम का शांति मंत्र द्वारा समापन किया गया तथा संचालन राम सिंह गुर्जर मंत्री अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा खंड वैर के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मनमोहन शर्मा सत्य प्रकाश शर्मा योगेश कुमार वर्मा राम सिंह गुर्जर हुकम सिंह अंबेश राकेश कुमार मीणा नवीन कुमार शर्मा लक्ष्मी नारायण मीणा हरेंद्र तंवर विजय सिंह गुर्जर मनोज कुमार साहब सिंह मीणा रघुवीर सिंह सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# मेड़ता रोड में नाबालिग चोर का आतंक, सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** कस्बे में इन दिनों चोरी की घटनाओं ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हैरानी की बात यह है कि इन वारदातों को अंजाम देने वाला एक नाबालिग लड़का बताया जा रहा है, जो दिनदहाड़े दुकानों को निशाना बना रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, यह नाबालिग चोर दुकानदारों के थोड़ी देर के लिए इधर-उधर होते ही मौका देखकर दुकानों में घुस जाता है। जैसे ही उसे अवसर मिलता है, वह नकदी और मोबाइल जैसे कीमती सामान उठाकर फरार हो जाता है। कई दुकानों में इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे व्यापारियों में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है।



इन चोरी की घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जो अब पूरे कस्बे में तेजी से वायरल हो रहे हैं। फुटेज में स्पष्ट रूप से एक किशोर उम्र का लड़का चोरी करते हुए नजर आ रहा है। इसके बावजूद अब तक पुलिस उसे पकड़ने में नाकाम रही है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कुछ वारदातें पुलिस थाने से महज कुछ कदमों की दूरी पर ही हुई हैं, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जब थाने के पास ही चोरी हो रही है और चोर पकड़ में नहीं आ रहा, तो आम इलाकों की सुरक्षा का अंदाजा लगाया जा सकता है।

घटनाओं से नाराज व्यापारियों और स्थानीय लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही चोर को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं।

वहीं, पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल, कस्बे में इस नाबालिग चोर की दहशत बनी हुई है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

# संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर भव्य संयुक्त समारोह हुए आयोजित

स्मार्ट हलचल | जयपुर

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार 14 अप्रैल 2026 को अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आगरा-गोनेर रोड, जयपुर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी मीणा अधिकारी कर्मचारी सेवा समिति, सांगानेर के तत्वावधान में शिव पैराडाइज, खोरी रोड, लुनियावास, जयपुर में किया गया। समारोह में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।



इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक न्याय के दर्शन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को समानता, शिक्षा और स्वाभिमान का मार्ग दिखाते हैं। युवाओं को उनके आदर्शों पर चलकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया गया।

वक्ता मंच संचालक रमेश घाटी ने बताया कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक समरसता और संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। सभा में अनुसूचित जाति-जनजाति, आगरा रोड़- गोनेर रोड की संयुक्त समिति का गठन किया गया जिसका अध्यक्ष सत्यनारायण जाबडोलियां व रेवड़मल मीणा को महामंत्री बनाया गया । समारोह में राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. कन्हैयालाल मीणा, जगदीशनारायण बैरवा पालड़ी मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता भरत देवड़वाल, पूर्व प्रधान मंजू मीणा, पार्षद छोटूराम मीणा, पार्षद रेखा करोल, हास्य कलाकार पन्या सेपट सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से बाबा साहेब के जयघोष और अल्पाहार वितरण के साथ हुआ।



# साड़ी की है बात निराली

छह गज का बिना सिला कपड़ा बुनकरों और डिजाइनरों के लिए एक कैनवास की तरह होता है। साड़ी केवल एक परिधान नहीं है, बल्कि यह एक पूरा ताना-बाना है। यानी एक ऐसा धागा जो अनेक सपनों का साक्षी है। जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। सदियों से अपने रूप, डिजाइन और कढ़ाई के लिए प्रसिद्ध साड़ी के स्वरूप में भी आज के समय में परिवर्तन आ गया है। बदलती जीवनशैली और आधुनिकता ने अन्य चीजों की तरह इसके स्वरूप पर भी असर डाला है। भारी-भरकम कांजीवरम और बनारसी की जगह हल्की डिजाइनर साड़ियों ने ले ली है। पहले हर समारोह में जहां जरी के काम वाली भारी साड़ी पहनना अनिवार्य ही नहीं शुभ भी माना जाता था, वहीं आज दादी-नानी की उस धरोहर ने अपनी जगह अलग एक संदूक में बना ली है तो दूसरी ओर सिंथेटिक साड़ियां अलमारियों में पहुंच गई हैं। यहां तक कि कल की महिलाएं जो अपनी कांजीवरम की साड़ियों में अपनी खूबसूरती को निहारती थी, अब वे भी सिक्केस वर्क की जार्जेट, शिफॉन साड़ी पहनने लगी हैं। एक जमाना था जब हर स्त्री के पास कांजीवरम्, बनारसी, जामावार और पैठनी की साड़ियां अवश्य हुआ करती थीं। आज ब्लाउज के फैशन में जो बदलाव आया है, उसने साड़ी को वेस्टर्न टच में बदलने को उकसाया है। सबसे ज्यादा बदलाव कढ़ाई व डिजाइन में आया है। पहले भारी कढ़ाई की साड़ियों पर ज्यादातर जरी का काम किया जाता था पर अब जरी की जगह सिक्केस, क्रिस्टल व बीड्स ने ले ली है। यही वजह है कि आज साड़ियां पांच सौ से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक में उपलब्ध हैं।

## कांफिडेंस और लुक

आप जब घर से निकलती हैं, तो क्या अपने लुक को लेकर काफी कांसस रहती हैं। ऐसे में आप चाहें तो अपने ड्रेसकोड में थोड़ा सा परिवर्तन कर अपने दोस्तों में कांफिडेंस के साथ इंज्वाय कर सकती हैं। आप अपने ड्रेस डिजाइन को परिवर्तित कर अपने को आकर्षक और ग्लैमरस बना सकती हैं। इसके लिए आपको वेस्टन ड्रेस का भी सहारा लेने की कोई जरूरत नहीं है, आप भारतीय ड्रेस से ही अपने को आकर्षक बना सकती हैं। इसके लिए आप इंडियन आर्ट, अच्छे कट्स और फिटिंग वाले कपड़े का सहारा ले सकती हैं। इसके अलावा आप ब्राइट फ्रेश टोन अजमा सकती हैं। इसके साथ ही आप अपने कपड़ों को नये लुक के अलावा इनके रंगों पर भी ध्यान दें, जिनमें आप ब्लैक, ग्रे, व्हाइट के साथ थोड़ा-सा सिल्वर कलर का यूज करें तो बेहतर होगा। ये कभी फैशन सर्किट से बाहर नहीं होते। यदि आप डेनिम जींस पहनने की शौकीन हैं, तो इसे नीचे से थोड़ा मोड़ दें। साथ में ऐसे जूते पहनें, जो सभी तरह के मौसम के लिए उपयुक्त हों।





# प्रैग्नेंसी में रखें खुद का ख्याल

**प्रैग्नेंसी में नन्हें मेहमान के आने की जितनी ज्यादा खुशी होती हैं, उससे भी ज्यादा इस बात का फिक्र सताता है कि आने वाला बच्चा हैल्दी हो। इस लिए मां का खास ख्याल रखा जाता है क्योंकि उसी से बच्चे को पूरा पोषण मिलता है।**

अगर मां में ही पोषक तत्वों की कमी होगी तो भविष्य में इसका असर बच्चे पर भी पड़ेगा। कैल्शियम, आयरन, विटामिन, खनिज पदार्थ, फाइबर, पोटाशियम आदि से भरपूर आहारों का सेवन गर्भावस्था में बहुत जरूरी है। इसी से बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास होगा और बीमारियों से भी उसका बचाव रहेगा। शरीर में इस समय हॉर्मोंस का परिवर्तन होने से मां का मूड बदलना स्वभाविक है। इससे उसे बहुत सी परेशानियों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में प्रेग्नेंसी का समय एंज्वाय करने के लिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

### ऐसे करें स्किन केयर

गर्भावस्था में पेट और स्तन का आकार बढ़ने से स्किन पर खिंचाव के निशान पड़ जाते हैं। जिससे स्किन पर धारियां और गहरे भूरे रंग की लकीरे पड़ने का डर रहता है। इसके लिए अपनी मर्जी से दवाइयों खाने की गलती न करें। खास तरीकों से ही अपनी स्किन की केयर करें।

- प्रेग्नेंसी में त्वचा खुष्क होने लगती है इसलिए नहाने से पहले सरसो या फिर जैतून के तेल से शरीर की मसाज करें। मसाज हमेशा हल्के हाथों से करें। इससे त्वचा में नमी बरकरार रहेगी और त्वचा पर पड़े दाग-धब्बे भी दूर हो जाएंगे।
- पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना बहुत जरूरी है। इससे स्किन और सेहत दोनों अच्छी रहेंगी
- स्ट्रेच मॉस्क पर दवाइयां लगाने की बजाए नारियल का तेल लगाएं। इससे किसी तरह की एलर्जी भी नहीं होगी और दाग के निशान भी गायब हो जाएंगे।

### कपड़े पहने स्टाइलिश

गर्भावस्था के समय मां जितना खुश रहेगी बच्चा भी उतना ही हैल्दी रहेगा। गर्भवती महिला का स्मार्ट बनकर रहना बहुत जरूरी होता है। ड्रैसिंग स्टाइल भी आपकी खुशी को व्यक्त करने का काम करता है। इस समय टाइट कपड़े पहनने से परहेज करें। इससे बच्चे की ग्रोथ होने में आसानी होगी।

- स्टाइलिश मैक्सी ड्रैस पहनने में आरामदायक होती हैं।
- डार्क रंग के कपड़ें इस समय मन को खुशी देते हैं।
- फ्लोरल या फिर कॉर्टून प्रिंट के आउटफिट्स बहुत अच्छे लगते हैं।

### सेहत के रखें ख्याल

संतुलित आहार खाना इस समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। फल, सब्जियां, दूध, सूप आदि समय-समय खाना बहुत जरूरी है। एक बार खाने की बजाए 2-3 घंटे में कुछ न कुछ खाना चाहिए।

- रोटी,ब्रेड,चावल,साबुत अनाज को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इन चीजों से आपको प्रोटीन मिलता है। इस समय प्रोटीन का सेवन बहुत जरूरी होता है।
- दूध,पनीर,अंडे,छाछ को भी आहार में शामिल करें। दूध से एलर्जी है तो छोले, राजमा, जई, बादाम, सोया दूध और सोयाबीन पनीर का भी खा सकते हैं।
- फलों का जूस पीने से साथ-साथ फल चबाकर खाने से ज्यादा फायदा मिलता है। यह शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रख सकते हैं।

**लड़के अगर कुछ फैक्टर्स के बल पर लड़कियों को पसंद करते हैं, तो इस मामले में लड़कियां भी कोई कम नहीं हैं। लड़कों को पसंद करने के उनके अपने कायदे हैं और वे खुद से बेटर पोजिशन वाले को जल्दी पसंद कर लेती हैं। इसके लिए वे कुछ ऐसी बातों तक को इग्नोर कर देती हैं, जिनसे समझौता आमतौर पर मुश्किल होता है।**



# लड़का चाहिए खुद से सुपीरियर

मशहूर दार्शनिक फ्रायड ने कहा था कि उन्हें इस बात का जवाब कभी नहीं मिला कि एक औरत अपनी जिंदगी से क्या चाहती है। कुछ ऐसी ही उधेड़बुन से आपको आज की ज्यादातर महिलाएं भी जूझती दिख जाएंगी। बेशक, इस कन्फ्यूजन के केंद्र में शादी और उससे जुड़े सवाल ही अहम रहते हैं। ऐसे में यह सोचना कि महिलाएं फाइनैंशियल तौर पर पुरुषों पर निर्भर नहीं होना चाहतीं, पूरी तरह से सच नहीं है। आज की महिलाएं भी बेहतर कैरियर से ज्यादा खुशहाल परिवार का सपना देखती हैं। हालांकि, इस बात को खुले तौर पर मानने में उन्हें थोड़ी हिचक होती है। जी हां, तमाम स्टडी से यह बात साबित हुई है। अक्सर देखा भी गया है कि लड़कियां बॉयफ्रेंड को शादी के लिए मना कर देती हैं। उनका कहना होता है कि वे अपने कैरियर में आगे बढ़ना चाहती हैं और अभी सेटल होने के बारे में नहीं सोच रही हैं। लेकिन, हायर डिग्री वाले या फिर हाई इनकम वाले वेल-सेटल्ड लड़के के साथ उनका रवैया ऐसा नहीं रहता। ऐसे पुरुष के साथ शादी के प्रपोजल को वे झट मान जाती हैं। इसी तरह की एक रिसर्च से जुड़ीं लंदन स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स की रिसर्चर कैथरिन हाकिम बताती हैं, 'दुनिया भर में विमिन इम्पॉवरमेंट की बातें लगभग 40 साल से चल रही हैं। ऐसे में बस हाउसवाइफ बनने की बात को महिलाएं स्वीकार नहीं पातीं। अगर यह बात उनके मन में होगी, तो भी वे दकियानूसी कहलाए जाने के डर से यह बात नहीं कहेंगी। हालांकि, हमारे आसपास ऐसी तमाम महिलाएं हैं, जो फाइनैंशल मैटर्स के लिए अपने पार्टनर पर डिपेंड रहना चाहती हैं।' गौर करने वाली बात यह है कि उम्र ज्यादा होने पर भी महिलाएं ऐसे साथी के सपने संजोए रहती हैं, जो हर लिहाज से उनसे आगे हो। रिसर्च के दौरान देखा गया कि कई यूरोपियन देशों की उम्रदराज महिलाएं भी शादी के लिए तभी तैयार हुईं, जब उन्हें अपने से ज्यादा धनवान और पढ़े-लिखे पुरुष मिले। ब्रिटेन में लगभग 50 साल पहले हुई एक रिसर्च में 20 फीसदी महिलाएं अपने से ज्यादा पढ़े-लिखे पुरुष से शादी करना चाहती थीं, वहीं पिछले दशक में ये आंकड़े 38 फीसदी तक पहुंच चुके हैं। यही पैटर्न पूरे यूरोप, यूएस और ऑस्ट्रेलिया में भी नोट किया गया। जाहिर है, तेजी से वेस्टर्न कल्चर में ढल रहीं इंडियन मेट्रोज की महिलाएं भी इस राह पर हैं।

### सोच का रहता है असर

हालांकि इस रिसर्च को लेकर महिलाओं की राय अलग-अलग है। जहां, कुछ इससे सहमत नजर आती हैं, वहीं कुछ को इसमें दम नजर नहीं आता। एक एचआर फर्म में बतौर हेड काम कर चुकीं श्रुति सिंह कहती हैं। 'मैंने लव मैरिज की और हाल में अपनी जॉब से रिजाइन दिया है। दरअसल, मेरे पति को पांच साल के लिए लंदन की एक आईटी कंपनी में जॉब मिली है और मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। मेरा फैसला इमोशंस और जिम्मेदारी से लिया गया है। इसमें उनके पैकेज की बात कहीं नहीं है। फिर वहां जाने पर भी मैं पढ़ाई या जॉब कर सकती हूं।' वैसे, बैंक प्रोफेशनल निहारिका जोशी ऐसे मैच को बेस्ट ऑप्शन मानती हैं। उनका कहना है, 'जिंदगी में घर और ऑफिस की दुधारी तलवार पर लटकने से क्या मिलेगा? आपको घर की जिम्मेदारी तो निभानी ही होगी, तो अच्छा है कि ज्यादा पैकेज वाले पुरुष से शादी की जाए। इस तरह न तो बॉस की धौंस सहनी पड़ेगी और एक स्टैंडर्ड के घर का आराम भी मिलेगा।' इस बात का एक और पहलू मीडिया प्रोफेशनल गौरी कपूर सामने रखती हैं। वह कहती हैं, 'हर सफल पुरुष ऐसी बीवी चाहता है, जो अपने लेवल पर सफल हो। इसलिए महिलाओं से जुड़ी इस रिसर्च में मुझे खास दम नहीं लग रहा है।' गुड़गांव की एक फूड बेवरेज फर्म में काम करने वाले गौरव कपूर की बात से यंग जेनरेशन की अप्रोच एकदम क्लीयर हो जाती है। बकौल गौरव, 'मैंने अपनी गर्लफ्रेंड से साफ कह दिया है कि जब तक मैं सीनियर मैनेजर की पोस्ट पर नहीं आ जाता, सेटल होने का सवाल ही नहीं उठता है। इससे उसे भी कोई ऐतराज नहीं है, क्योंकि उसकी फैमिली को भी तो ऊंची पोस्ट का दामाद पसंद आएगा।' उनका कहना है कि हाई सोसाइटी की तमाम महिलाएं अपने पार्टनर के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर तक को इसी वजह से इग्नोर कर देती हैं।



# ....अब तो बदल जाओ

कालांतर से वर्तमान तक मानों आरोप-प्रत्यारोप ही इसकी जीवनी हो। सबने इसके आचरण पर दाग लगाए, यहां तो एक सामान्य स्त्री क्या सीता को भी नहीं बख्शा गया। वाह रे दुनिया! इसकी नियति में क्या है, यह एक प्रश्न ही रहेगा? इसने सबको इज्जत दिया, सम्मान दिया और बदले में इसे मिला क्या सिर्फ और सिर्फ बदनामी, अपमान, द्वेष, ईर्ष्या। आखिर ऐसा इसी के साथ ही क्यों? अपवाद को छोड़ दिया जाए, तो असल जिंदगी में लोग बेस्ट हाफ बनाना तो चाहते हैं पर बनना नहीं चाहते। चाहे लव मैरिज हो या अरेंज मैरिज। अरेंज मैरिज में लड़की अपने ससुराल वालों की शर्तों पर जिंदगी गुजारती होती है। बहू पढ़ी-लिखी और नौकरी वाली चाहिए, पर जिंदगी वह जीए ससुराल वालों के मुताबिक।





# काम को आसान बना देंगे ये स्मार्ट ट्रिक्स

**हाउस वाइफ ही नहीं बल्कि वर्किंग वुमन्स का भी किचन के साथ गहरा रिश्ता होता है। वैसे तो गृहणीयां खाना बनाने से लेकर किचन में हर में माहिर होती है लेकिन इसके बावजूद भी कई बार उन्हें काम करते समय कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण काम में देरी हो जाती है। किचन से जुड़ी छोटी-मोटी बातों के बारे में हर औरत को पता होना चाहिए, ताकि वो अपने काम को और भी आसान बना सके। आज हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स बताने जा रहें है, जिनकी मदद से आप अपने काम को और भी आसान बना सकते है। ये शानदार किचन ट्रिक्स आपका काम आसान करने के साथ-साथ खाने का स्वाद भी बढ़ जाएगा।**

- बादाम या टमाटर छिलने के लिए पहले उन्हें 5-10 मिनट तक पानी में उबाले। इससे इनके छिलके आसानी से निकल जाएंगे।
- प्याज को काटने और लहसुन को छिलने से पहले उसे 10 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इससे प्याज काटते समय आंसू नहीं आएंगे और लहसुन के छिलके भी आराम से उतर जाएंगे।
- सूखे मेवे या ड्राईफ्रूट्स को काटने से पहले 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इससे यह सॉफ्ट हो जाएंगे और आप इन्हें आसानी से काट सकेंगी।
- मशरूम को कभी भी पानी से न धाएं। क्योंकि यह पानी को सोख लेते है और कपाते समय पानी छोड़ देते है, जिससे सब्जी का टेस्ट खराब हो जाता है। इसकी बजाए आप मशरूम को गीले कपड़े से साफ करें।
- अगर आप पनीर बना रही है तो उसमें थोड़ा-सा ऑयल लगा दें। इससे यह बर्तन के साथ चिपकेंगे नहीं।
- शहद की शुद्धता पता लगाने के लिए उसकी कुछ बूंदें कांच की बोतल या गिलास में डालें। अगर शहद तले पर बैठ जाए तो शुद्ध है और अगर वो पानी में मिक्स हो जाए तो मिलावटी है।
- अगर आप बिरयानी या कोई ग्रेवी वाली डिश बना रही है तो उसमें दही डालने से पहले अच्छी तरह फेंट लें। इससे खाने का स्वाद बढ़ जाएगा। इसके अलावा सब्जियां उबालने के बाद इसके पानी को दाल बनाने में इस्तेमाल करें। इससे दाल का स्वाद दोगुना हो जाएगा।
- चावल पकाने से पहले उससे अच्छी तरह से धो लें। इससे चावल में मौजूद स्टार्च निकाल जाएगा और चावल पकने के बाद चिपचिपा नहीं होगा। इसके अलावा चावल की खीर बनाते समय बर्तन में पहले थोड़ा-सा पानी डाल दें। इससे दूध बर्तन के तले पर नहीं चिपकेगा।
- फलों को काटने के बाद उसके उपर अच्छी तरह से नींबू छिड़ककर फ्रिज में स्टोर करें। इससे फल पूरा दिन ताजे रहेंगे और इनका रंग भी खराब नहीं होगा।

# अगर आप भी अभी नया-नया रिश्ता बना रहे है...

जब कोई लड़का या लड़की नए-नए रिलेशन में पड़ते है तो वह हर वक्त एक-दूसरे से बातें करने का बहाना ढूंढते रहते है। हर वक्त मैसेज के जरिए एक-दूसरे से बातें करने लगते है लेकिन नए रिश्ते में लड़की को अधिक मैसेज करने से आपका बना हुआ रिश्ता टूट भी सकता है क्योंकि कोई भी लड़की शुरूआत में अपनी लाइफ में किसी दूसरे की दखलअंदाजी पसंद नहीं करती। इसलिए ऐसे में लड़कों को थोड़ा सावधानी बरत कर लड़की को मैसेज करने चाहिए।

### अधिक मैसेज न करें

पहली डेट के बाद लड़की के साथ बातचीत बढ़ाना अच्छी बात है लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसके बार-बार मैसेज करके टंग करते रहे। अधिक मैसेज करने से भी रिश्ता जुड़ने से पहले ही टूट सकता है। इसलिए मैसेज करने पहले इस बात का खास ध्यान रखें।

### देर रात मैसेज न करें

दिन के समय मैसेज करके थोड़ी-बहुत बात करना तो ठीक है लेकिन देर रात तक लड़की को कभी मैसेज न करें। इससे लड़की नाराज भी हो सकती है और आपसे दूरिया भी बना सकती है।

### शराब पीने के बाद

नया रिश्ता जोड़ रहे है तो कोई भी गलती करने से पहले दस बार जरूर सोचें। इसके अलावा अगर आप ड्रिंक भी करते है तो शराब पीने के बाद लड़की को कभी मैसेज न करें क्योंकि ड्रिंक करने के बाद कोई भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाता और कोई न कोई गलती कर बैठता है।

### क्रोधित होने भी न करें मैसेज

कहते है कि गुस्सा बहुत बुरी चीज है। गुस्सा आने पर इंसान कोई होश नहीं रहता है कि वह किसे क्या बोल रहा है। इसलिए बेहतर होगा कि जब आप गुस्से में हो तो किसी लड़की को मैसेज न करें। क्योंकि उस वक्त आपको खुद नहीं पता होता है कि आप क्या बोल रहे है।

### मैसेज में सवाल-जवाब कम करें

पहली डेट के साथ अगर लड़की के साथ मैसेज पर बात कर भी रहे है तो उसके साथ ज्यादा सवाल न करें क्योंकि इससे उसे गुस्सा भी आ सकता है और वह आपसे चिड़ भी सकती है।



स्वत्वाधिकार प्रकाशक एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com